माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 9    पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net    प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   मंगलवार 01 फरवरी 2022   विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आज पेश होगा देश का आम बजटः वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2021-22 किया पेश, आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 2022-23 में 8.5 फीसदी विकास दर का अनुमान


# बजट पर उम्मीदों का भारी बोझ

**नई दिल्ली**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट से एक दिन पहले आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसके बाद देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डा. वी. अनंत नागेश्वरन और प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने वित्त वर्ष 2021-22 का आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत किया। सान्याल ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था हर चुनौतियों से लड़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 7.3 फीसदी की गिरावट के बावजूद इस वित्त वर्ष में विकास दर 9.2 फीसदी रहेगी। साथ ही उन्होंने वित्त वर्ष 2022-23 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8-8.5 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान जताया। प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने सोमवार को यहां आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र लॉकडाउन में बहुत कम प्रभावित हुआ है। इस क्षेत्र में वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान बढ़ोतरी देखी गई है। हालांकि, औद्योगिक क्षेत्र में इस दौरान गिरावट देखी गई, जो अब कोरोना महामारी से पहले के स्तर से लगभग 4.1 फीसदी ऊपर है। उन्होंने कहा कि लॉकडाउन की वजह से से सर्विस सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित रहा लेकिन अब यह क्षेत्र कोराना महामारी से पहले के स्तर से थोड़ा नीचे है। सान्याल ने कहा कि सर्विस सेक्टर का वो हिस्सा जिसमें पर्यटन, यात्रा और होटल शामिल है, अभी भी महामारी से पहले के स्तर से 8.5 फीसदी नीचे है। दरअसल, यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो अभी भी प्रभावित है। उन्होंने बताया कि कुल खपत में कोरोना महामारी से पहले की तुलना में कमी आई है। हालांकि, अब सरकारी खपत में बहुत हद तक मजबूती देखी जा रही है लेकिन निजी खपत अभी भी बहुत कम है। हालांकि, निर्यात में बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था के विकास का एक प्रमुख पहलू रहा है, जो अब कोरोना महामारी से पहले के स्तर से काफी ऊपर है। हालांकि, आयात में भी बहुत बढ़ोतरी हुई है। कुल मिलाकर जीडीपी कोरोना से पहले के स्तर से 1.3 फीसदी ऊपर है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 के दौरान लॉकडाउन और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों की वजह से महंगाई दर में अवरोध देखा गया।

हालांकि, इस साल पाबंदियों के हटने के चलते उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर 5.6 फीसदी रही। इससे पहले राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने संसद के दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित किया।





## 'लॉकडाउन में सर्विस सेक्टर सर्वाधिक प्रभावित'

**नई दिल्ली**
देश के प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल और मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) डॉ वी. अनंत नागेश्वरन ने आर्थिक सर्वेक्षण 2022 प्रस्तुत करते हुए इससे जुड़ी जानकारी को साझा किया। सान्याल ने कहा कि पिछले वर्ष अर्थव्यवस्था में 7.3 फीसदी की गिरावट के बाद इस वर्ष अर्थव्यवस्था में 9.2 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है।



**आर्थिक गतिविधियां पूर्व महामारी स्तर परः** प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल ने कहा कि भले ही कोरोना की दूसरी लहर में स्वास्थ्य पर खर्च ज्यादा हुआ और आर्थिक लागत में बढ़ोतरी हुई हो। इसके बावजूद भी वर्ष 2021-22 में आर्थिक गतिविधियों में पूर्व-महामारी के स्तर पर पुनरुद्धार हुआ है। सर्वेक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि 2022-23 में चुनौतियों का सामना करने के लिए अर्थव्यवस्था अच्छी तरह से तैयार है। आर्थिक गतिविधियां पूर्व-महामारी के स्तर पर पहुंच गई हैं।

**सर्विस सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावितः** सान्याल ने कहा कि कृषि क्षेत्र लॉकडाउन में बहुत कम प्रभावित हुआ। इस क्षेत्र में 2020-21 और फिर 2021-22 में भी बढ़ोतरी देखी गई। औद्योगिक क्षेत्र में इस दौरान गिरावट देखी गई और लेकिन अभी भी यह महामारी से पहले के स्तर से लगभग 4.1 फीसदी ऊपर है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोना पर काबू पाने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन से सर्विस सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित रहा।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बढ़ रही महिलाओं की भूमिकाः राष्ट्रपति

## अभिभाषण में ट्रिपल तलाक, काशी और कश्मीर का हुआ जिक्र

**नई दिल्ली**
राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बजट सेशन के दौरान सोमवार को संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। 52 मिनट के इस भाषण में राष्ट्रपति ने सरकारी योजनाओं की तारीफ की। तीन तलाक और किसानों का जिक्र किया। कोविंद ने जब-जब सरकारी योजनाओं की बात की, तब तब सदन तालियों से गूंज उठा।

**स्वतंत्रता सेनानियों को नमन कियाः** कोविंद ने कहा, "मैं देश के उन लाखों स्वाधीनता सेनानियों को नमन करता हूं, जिन्होंने अपने कर्तव्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और भारत को उसके अधिकार दिलाए। आजादी के इन 75 वर्षों में देश की विकास यात्रा में अपना योगदान देने वाले सभी महानुभावों का भी मैं श्रद्धापूर्वक स्मरण करता हूं।"

**सबका साथ-सबका विकासः** राष्ट्रपति बोले, "सरकार और नागरिकों के बीच यह परस्पर विश्वास, समन्वय और सहयोग, लोकतंत्र की ताकत का अभूतपूर्व उदाहरण है। इसके लिए मैं देश के प्रत्येक हेल्थ और फ्रंट लाइन वर्कर का, हर देशवासी का अभिनंदन करता हूं। मेरी सरकार सबका साथ, सबका विकास पर चलते हुए सशक्त भारत के निर्माण की तरफ चल रही है।"



### किसानों और श्रमिकों के लिए कदम उठाए

किसानों और श्रमिकों के लिए कदम उठाए
राष्ट्रपति ने कहा कि देश में स्वनिधि रोजगार योजना भी चलाई जा रही है। श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल भी शुरू किया है। महामारी की बाधाओं के बावजूद बड़ी संख्या में घरों को नलों से जोड़ा गया है। इसका सबसे बड़ा फायदा महिलाओं को हुआ है। खरीफ की फसलों की खरीद से 1.30 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। वर्ष 2020-21 के दौरान निर्यात तकरीबन 3 लाख करोड़ पहुंच गया। देश के 8 करोड़ से ज्यादा किसानों को एक लाख करोड़ से ज्यादा धनराशि दी जा चुकी है। सरकार ने कोरोना काल में सब्जियों, फलों और दूध जैसी जल्दी खराब होने वाली चीजों के लिए रेल चलाई।

**वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड बनायाः** वे बोले कि कोरोना महामारी की परिस्थितियों में हमारी सरकार और नागरिकों के बीच परस्पर भरोसा बना रहा है। हमने एक साल से भी कम समय में 150 करोड़ से भी ज्यादा वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड कायम किया है। देश में 70% से ज्यादा लोग एक डोज ले चुके हैं। इसी माह 15 वर्ष से ज्यादा के किशोर-किशोरियों को भी वैक्सीन दी जा रही। प्रिकॉशन डोज भी दी जा रही है। भारत में बनी वैक्सीन दुनियाभर में काम आ रही है।

**सबसे बड़ा फूड डिस्ट्रिब्यूशन प्रोग्राम चल रहाः** राष्ट्रपति ने कहा, "आयुष्मान स्वास्थ्य मिशन की मदद से 80 हजार से अधिक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खुले हैं। सरकार ने 8,000 से अधिक जन औषधि केंद्र बनाए हैं।

# अखिलेश के खिलाफ सांसद बघेल ठोकेंगे ताल

## केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया नामांकन, भाजपा ने मैदान में उतारा

**मैनपुरी**
उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मैनपुरी राजनीति केंद्र बना हुआ है। करहल विधानसभा सीट से सोमवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने नामांकन दाखिल किया। वहीं कुछ देर बाद ही मैनपुरी में मोदी सरकार के मंत्री और आगरा के सांसद प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने नामांकन दाखिल किया है। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो.एसपी सिंह बघेल भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर अखिलेश यादव के खिलाफ करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल उत्तर प्रदेश के औरैया



जिले के भटपुरा के मूल निवासी हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस में बतौर सब इंस्पेक्टर के रूप में तैनात रहे बघेल 1989 में मुलायम सिंह यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनकी सुरक्षा में शामिल हो गए। बघेल से प्रभावित मुलायम सिंह यादव ने उनको जलेसर सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर 1998 में पहली बार उतारा था। एसपी सिंह बघेल ने अपने पहले ही चुनाव में जीत दर्ज की। उसके बाद दो बार सांसद चुने गए। 2010 में बसपा ने उन्हें राज्यसभा में भेजा।

साथ ही राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी भी दी। 2014 में फिरोजाबाद लोकसभा से सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव के सामने चुनाव लड़े, लेकिन चुनाव हार गए थे।

**योगी की टीम में हुए शामिलः** 2014 में मिली हार के बाद एसपी सिंह बघेल ने राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ली।

## स्मृति ने मुलायम के पैरों की धूल माथे से लगाई

**नई दिल्ली**
**संसद** में बजट सत्र का शुरू हो गया है। इस बीच एक 'मुलायम' शिष्टाचार ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को चर्चा में ला दिया है। दरअसल, सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव संसद भवन से बाहर आ रहे थे, तभी उधर से स्मृति ईरानी भी गुजर रही थीं।

दोनों नेताओं की मुलाकात हुई, स्मृति ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। इसके बाद ईरानी ने मुलायम के पैर छुए। आशीर्वाद के तौर पर मुलायम ने स्मृति के सिर पर हाथ रखा।

## रैलियों के लिए नई गाइडलाइन जारी

**नई दिल्ली**
देश में बढ़ते कोरोना मामलों और 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर चुनावी रैलियों और रोड शो पर 31 जनवरी तक प्रतिबंध लगा था। सोमवार को चुनाव आयोग की बैठक हुई, जिसमें इस बैन को 11 फरवरी तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है। हालांकि इन प्रतिबंधों के साथ थोड़ी राहत भी दी गई है। यानी प्रतिबंध के साथ-साथ रैली में 1000 लोग शामिल हो सकेंगे।

**कैंपेन को लेकर आए ये नियमः** चीफ इलेक्शन कमिश्नर सुशील चंद्रा ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव से मुलाकात के बाद रैलियों पर बैन की समीक्षा की।

# सांसदों बजट सत्र को बनाएं फलदायीः पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
संसद का बजट सत्र शुरू हो गया। इससे पहले पीएम मोदी ने मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने सांसदों से अपील की कि वे बजट सत्र को फलदायी बनाएं। पीएम ने कहा कि हम सब इस सत्र को जितना अधिक फलदायी बनाएंगे, उतना ही देश को आर्थिक ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए शेष वर्ग के लिए बेहतर अवसर होगा। पीएम मोदी ने कहा कि यह सच है कि चुनाव, सत्रों और चर्चाओं को प्रभावित करते हैं, लेकिन मैं सभी सांसदों से अनुरोध करता हूं कि चुनाव चलेंगे, आते-जाते रहेंगे, लेकिन



बजट सत्र साल का खाका खींच लेता है। इसलिए इसे फलदायी बनाएं। पीएम ने कहा कि बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। मैं इस सत्र में सभी सांसदों का स्वागत करता हूं। आज की वैश्विक स्थिति में भारत के लिए बहुत सारे अवसर हैं। यह सत्र देश की आर्थिक प्रगति, टीकाकरण कार्यक्रम, मेड इन इंडिया वैक्सीन के बारे में दुनिया में विश्वास जगाता है।

**सांसद करें गुणवत्तापूर्ण चर्चाः** पीएम ने कहा कि सभी सांसद व राजनीतिक दल खुले दिमाग से गुणवत्तापूर्ण चर्चा करें।

देश को तेजी से विकास पथ पर ले जाने में मदद करें। इस सत्र में भी चर्चा, मुद्दे और खुले विचारों वाली बहस वैश्विक प्रभाव के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बना सकते हैं।

# खापों ने दी फिर से बॉर्डर सील करने की धमकी

## चरखी-दादरी में केंद्र सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरे किसान

**चरखी दादरी**
**हरियाणा** के चरखी दादरी में एक बार फिर से किसानों ने खापों की अगुआई में सड़कों पर उतर कर केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। किसानों ने विश्वासघात दिवस मनाते हुए केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। चेतावनी भी दी कि अगर किसानों की मांगे पूरी नहीं होती हैं, तो दिल्ली बार्डर को फिर से सील करने में देरी नहीं लगेगी। प्रदेशभर की खाप पंचायतें किसानों के साथ मिलकर दोबारा से आंदोलन के लिए तैयार हैं।

**रोज गार्डन से शुरू हुआ रोष प्रदर्शनः** फौगाट खाप की अगुआई में जिलेभर की



खापों, सामाजिक और सरकारी संगठनों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान रोज गार्डन में इकट्ठा हुए और सरकार की कथित वादाखिलाफी पर मंथन किया।

**ये खापें किसानों के साथ उतरींः** करीब दो घंटे मंथन के बाद किसानों ने रोज गार्डन से लघु सचिवालय तक रोष प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। परशुराम चौक पर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया और लघु सचिवालय पहुंचकर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी कि किसान फिर से दिल्ली बार्डर को सील कर देंगे।

**आंदोलन के लिए फिर से तैयारः** प्रदर्शन की अगुआई कर रहे फौगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार ने कहा कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस हों, केंद्रीय मंत्री टेनी का इस्तीफा हो और ट्रैक्टरों के चालान पर रोक लगाई जाए। ऐसा नहीं हुआ तो किसानफिर से आंदोलन कर सकते हैं।

# देश की नीतियां महिलाओं को लेकर संवेदनशील हुईः मोदी

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित रहे हैं। पीएम मोदी ने राष्ट्रीय महिला आयोग के 30वें स्थापना दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा, 30 वर्ष का पड़ाव, चाहे किसी व्यक्ति के जीवन का हो, या फिर किसी संस्था का हो, ये बहुत अहम होता है। ये समय नई जिम्मेदारियों का होता है, नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का होता है। मुझे विश्वास है, अपनी




स्थापना के 30वें वर्ष को राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा भी इसी रुप में देखा जा रहा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि, सदियों से भारत की ताकत हमारे छोटे स्थानीय उद्योग रहे हैं, जिन्हें आज हम टरटए कहते हैं। इन उद्योगों में जितनी भूमिका पुरुषों की होती हैं।

खबर संक्षेप

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत परिजनों में कोहराम

**जंघई।** क्षेत्र के असवां गांव के समीप एक युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जंघई प्रयागराज रेल मार्ग पर स्थित असवां गांव निवासी 19 वर्षीय रितिक पुत्र कमलेश मिश्र खेत की तरफ गया हुआ था। इसी बीच किसी मालगाड़ी की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी आसपास के लोग खेत की तरफ गए हुए थे उन लोगों की निगाह ट्रेन की पटरी पर पड़े शव पर पड़ी तो मामले की सूचना जंघई पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीएम ने नामांकन के लिए बनाए गए कक्षों का किया निरीक्षण

### नामांकन स्थलों पर की गयी बैरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को जिलाधिकारी ने परखा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री सोमवार को विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत 01 फरवरी, 2022 से प्रारम्भ होने वाले नामांकन की कार्यवाही के लिए बनाये गये कक्षों में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नामांकन स्थलों पर बैरिकेटिंग, सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को देखा व सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। जिलाधिकारी ने कहा कि नामांकन के समय कोविड-19 की गाइन लाइन का सख्ती के साथ पालन कराया जाये। जिलाधिकारी ने नामांकन स्थलों पर आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग का कार्य पूरा कर लेने के लिए कहा है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 254-फाफामऊ के लिए न्यायालय अपर नगर मजिस्टेट तृतीय प्रयागराज कक्ष संख्या-



नामांकन स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी

10, 255-सोरॉव(अ0जा0) के लिए न्यायालय अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रयागराज कक्ष संख्या-04, 256-फूलपुर के लिए न्यायालय उप संचालक चकबंदी प्रयागराज कक्ष संख्या-11, 257-प्रतापपुर के लिए न्यायालय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रयागराज कक्ष संख्या-32, 258-हण्डिया के लिए न्यायालय मुख्य राजस्व अधिकारी प्रयागराज कक्ष संख्या-05, 259-मेजा के लिए न्यायालय अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति प्रयागराज कक्ष संख्या-36, 260-करछना के लिए न्यायालय अपर नगर मजिस्टेट प्रथम प्रयागराज कक्ष संख्या-08, 261-इलाहाबाद पश्चिम के लिए न्यायालय उप जिलाधिकारी सदर प्रयागराज कक्ष संख्या-03, 262-इलाहाबाद उत्तर के लिए न्यायालय अपर उप जिलाधिकारी सदर प्रयागराज कक्ष संख्या-05, 263-इलाहाबाद दक्षिण के लिए न्यायालय अपर नगर मजिस्टेट द्वितीय प्रयागराज कक्ष संख्या-09, 264-बारा (अ0जा0) के लिए न्यायालय नायब तहसीलदार उत्तरी सदर प्रयागराज कक्ष संख्या-07 एवं 265-कोरांव(अ0जा0) के लिए न्यायालय नगर मजिस्टेट, प्रयागराज कक्ष संख्या-06 को नामांकन स्थल बनाया गया है।

## खराब राइटिंग पर हाईकोर्ट सख्त, लिखावट पढ़ने लायक नहीं तो होगी कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की सभी निचली अदालतों को खराब लिखावट को लेकर पत्र लिखा है। सोमवार को रजिस्ट्रार जनरल आशीष गर्ग ने अपने निर्देश में लिखा है कि निचली अदालतों में कुछ आदेश, बयान खराब लिखावट में लिखे जा रहे हैं। जिनको पढ़ पाना सामान्य व्यक्ति के बस की बात नहीं है। ऐसे में न्यायालय के आदेश, बयान और रिपोर्ट को स्पष्ट व पठनीय तरीके से लिखा जाए। जिसे कोई भी आसानी से पढ़ कर समझ सके। ऐसा नहीं करने पर संबंधित कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।दरअसल, 28 अक्टूबर, 2021 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों और न्यायाधिकरणों के कुछ आदेश और रिपोर्ट की लिखावट को लेकर टिप्पणी की थी। कोर्ट ने कहा था कि ये इतनी खराब लिखावट में हैं कि इसे पढ़ा नहीं जा सकता।

**पेशकार आदेश को साफ तरीके से लिखने के लिए बाध्य**

रजिस्ट्रार जनरल के पत्र में कहा गया है कि कोर्ट ने देखा है कि अधीनस्थ न्यायालयों में कुछ आदेश, बयान और कार्यालय रिपोर्ट इतने खराब लिखावट में लिखे गए हैं कि उन्हें ठीक से पढ़ा नहीं जा सकता है। कुछ आदेश, बयान और कार्यालय रिपोर्ट भी पढ़ने योग्य नहीं हैं। पेशकार आदेश को सही तरीके से लिखने के लिए बाध्य हैं। ऐसा न करने पर इसे एक गलत आचरण माना जा सकता है। यह भी निर्देश दिया गया है कि दर्ज किए गए सभी बयानों के साथ ऑर्डर शीट पर लिखी गई कार्यालय रिपोर्ट स्पष्ट और पढ़ने योग्य लिखावट में होनी चाहिए।

## कोरांव विधायक का टिकट कटने से भाजपा में खेमेबाजी

### भाजपाई व संघ के कार्यकर्ता राजमणि के ही टिकट की कर रहे मांग

**रत्योरा।** प्रयागराज जनपद के विधानसभाओं में कोरांव विधानसभा सीट के मौजूदा विधायक राजमणि कोल ने 2017 के विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज कर कोरांव में पहली बार कमल खिलाने का काम किया था। मौजूदा विधायक राजमणि कोल 2017 के विधानसभा चुनाव में लगभग एक लाख पांच हजार मत पाकर पार्टी की ऐतिहासिक जीत दर्ज कर कोरांव शीट पार्टी के खाते में देने का काम किया था। जबकि दूसरे नंबर पर रहे कांग्रेश सपा गठबंधन के उम्मीदवार रामकृपाल कोल को महज 46 हजार मतों से संतोष करना पड़ा था। 2017 के विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार रहे राजबली जैसल तीसरे पायदान पर थे। 2022 के आम चुनाव में भी संघ व भाजपा के कार्यकर्ता पहली बार कमल खिलाने वाले विधायक राजमणि कोल को ही पुनः टिकट दिए जाने का कयास लगा रहे थे। लेकिन भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्णय से कोराव में भाजपा व संघ के कार्यकताओं में खेमेबाजी देखी जा रही है। जिन कार्यकताओं ने 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजमणि कोल को जी जान से कमरतोड़ मेहनत कर 55 हजार से अधिक मतों के अंतराल से जीत दर्ज कराई थी। उन कार्यकताओं व पदाधिकारियों में मायूसी देखी जा रही है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने 2022 के चुनाव में पूर्व में जिला पंचायत सदस्य रही वर्तमान में यमुनापार जिले की जिला मंत्री आरती कोल को अपना उम्मीदवार बनाया है। जनपद में सर्वाधिक मतों से जीत दर्ज करने वाले विधायक राजमणि कोल के समर्थक पार्टी द्वारा घोषित किए गए उम्मीदवार को लेकर प्रचार प्रसार के बजाय चुप्पी साधे बैठे हुए हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के जानकार व राजनीतिक विश्लेषक यह कयास लगा रहे हैं कि कहीं कोरांव सीट भाजपा की झोली से खिसक न जाय। कोरांव क्षेत्र के भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने नाम न छापने की शर्त पर यह बताया कि निश्चित तौर पर टिकट को लेकर नेताओं व कार्यकताओं में नाराजगी दिख रही है। एक खेमे के भाजपा कार्यकर्ता व नेता शीर्ष नेतृत्व का ध्यान आकृष्ट कराते हुए भारी अंतराल से जीत दर्ज करने वाले विधायक राजमणि कोल को ही टिकट की जहां मांग कर रहे हैं, तो दूसरे खेमे के पदाधिकारी आरती कोल के साथ क्षेत्र में प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। देखना है इस शीट पर भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व क्या निर्णय लेता है। नेताओं कार्यकताओं की नाराजगी दूर कर कोराव शीट को बरकरार रखती है, अथवा खेमेंबाजी में जीती हुई शीट किसी अन्य दलों के खाते में जाएगी।

## करछना के भगाही गांव में एक घर से 65 पेटी देशी शराब पुलिस ने किया बरामद

### मौके पर पुलिस नें एक को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है

**करछना।** थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुलमई गांव के भगाही में सोमवार सुबह प्रभारी निरीक्षक करछना टीका राम वर्मा को मुखबिरों से सूचना मिली की बड़ी संख्या में अवैध शराब बबलू उर्फ कौशलेश पांडेय के घर पर उतारी जा रही है।जिस पर प्रभारी निरीक्षक समेत पुलिस फोर्स मौके पर पहुँची और घर से 65 पेटी देशी शराब बरामद कर बबलू पांडेय को पकड़कर थाने ले आयी।वही पुलिस की माने तो चुनाव में बांटने के लिए देशी शराब मंगाकर डंप किया जा रहा था।जिसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा देने पर दबिश देकर पकड़ा गया है।मौके पर आबकारी विभाग पहुँचकर आवश्यक क8520/85 कार्यवाही कर रही है।

## भाजपा प्रत्याशी नीलम करवरिया ने किया जनसंपर्क





क्षेत्र भ्रमण करतीं प्रत्याशी नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर के पार्टियां अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। अपने अपने स्तर से घर-घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रही। उसी क्रम में सोमवार को मेजा विधायक नीलम करवरिया क्षेत्र के बिजौरा, छतवा,देवहटा,पकरी,दुबेपुर, मिश्रपुर सहित आदि ग्राम सभाओं में ताबड़तोड़ जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विधायक ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए आगामी चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय दिलाने का आवाहन किया। विधायक ने कहा कि सरकार हर वर्ग सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। आगे कहां की भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार की कोई जगह नहीं है। जनसंपर्क के दौरान उत्साह से लबरेज ग्रामीणों ने माल्यार्पण करते हुए विधायक का स्वागत करते हुए नारे लगाए।



मेजा तहसील में अधिवक्ताओं के बीच प्रत्याशी संदीप पटेल

## मेजा तहसील में अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी संदीप पटेल

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** विधानसभा चुनाव मेजा 259 के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी संदीप पटेल का तहसील मेजा में अधिवक्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर बधाई दी। सपा प्रत्याशी संदीप पटेल द्वारा सभी से समर्थन की अपील की। समर्थन में अधिवक्ताओं द्वारा नारेबाजी की गई। अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग का जनसमर्थन का आश्वासन मिला। उक्त अवसर पर दिवाकर यादव, नीरज यादव, देवानंद सिंह पटेल, अनिल यादव तथा बहुतायत संख्या में वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## जमुनापार का स्वाभिमान ही हमारी अमानत : डॉ पाण्डेय

अखंड भारत संदेस

**करछना।** जमुनापार की माटी देवभूमि के रूप में अपने अतीत के मानकों को सहेजती संघर्ष और समर्पण की भूमि रही है। जागृति मिशन अपने बुजुर्गों और प्रबुद्धजनों के सम्मान की अलख जगाते हुए इस परंपरा को सहेजनेऔर संजोने के लिए सदैव संघर्ष करता रहेगा। यह बातें रामपुर में आयोजित जागृति मिशन की एक बैठक के दौरान संयोजक डॉ.भगवत पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि आज के बदलते परिवेश में माफिया और धन पशुओं द्वारा सुनियोजित तरीके से खरीद-फरोख्त का आलम है।अपने स्वाभिमान के साथअपनी संस्कृति और विकास की अलख जगा कर दबंगई, धांधांगर्दी और लूट का खसोट का विरोध करने वाले शायद इस माहौल में नहीं खप पा रहे हैं। मिशन ने सदैव क्षेत्र के कलाकारों प्रतिभाओं,प्रबुद्धजनों,



डॉ भगवत पांडेय बुजुर्गों के सम्मान में उपस्थित कार्यक्रम में

समाजसेवियों,सेनानियों शिक्षाविदों,साहित्यकारों को एक मंच पर संजोते हुए इस अप संस्कृति का विरोध किया और यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा। मिशन के लोगों ने कहा कि क्षेत्र में सामाजिक सद्भाव के साथ साथ बहुमुखी विकास की जरूरत हैऔर मिशन जिसके लिए संघर्ष कर रहा है। कुछ लोग अपने स्वार्थों के लिए को लेकर इसे अगड़े और पिछड़े में बांटकर राजनैतिक रोटी सेकना चाहते हैं, ऐसे लोगों का मंसूबा कभी भी सफल नहीं हो पाएगा। इस दौरान क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, साहित्यका, कवि, कलाकार और मिशन के लोग मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त अलीगढ़ को छह हफ्ते में निर्णय लेने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा कि जब याची की मृतक आश्रित कोटे में नियुक्ति का शासनादेश जारी हो चुका है तो नगर निगम को अर्जी की वैधता की जांच करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने नगर आयुक्त नगर निगम अलीगढ़ को तीन सितंबर 2021 के शासनादेश के तहत छह हफ्ते में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अजित कुमार ने कुलवंत कुमार की याचिका पर दिया है।याचिका में शासनादेश के तहत आश्रित कोटे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति देने का समादेश जारी करने की मांग की गई थी। 15 दिसंबर 2021 को अपर नगर आयुक्त ने याची से कुछ बिंदुओं पर जानकारी मांगी। जिसका दस्तावेजी सबूत के साथ 18 दिसंबर 2021 को जवाब दाखिल करने के बावजूद कोई निर्णय नहीं लिया गया तो उसने कोर्ट की शरण ली।

## भाजयुमो ने चुनाव को लेकर बनाई रणनीति





भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के पदाधिकारी चुनावी बैठक कर चुनाव की रणनीति तय करते

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा ने आज विधानसभा की बैठक की जिसमें आगामी होने वाले चुनाव को लेकर चचाएं की गई इस बैठक को माधव ज्ञान केंद्र विद्यालय नैनी में संपन्न कराया गया इसमें प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री देवेंद्र पटेल व क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य क्षेत्रीय उपाध्यक्ष समीर मिश्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता यमुना पार के जिला अध्यक्ष सुधाकर पांडे के नेतृत्व में किया गया संचालन करते हुए युवा मोर्चा के महामंत्री अशोक पांडे ने बताया की आगामी विधानसभा चुनाव को किस तरीके संगठन के रूप में काम कर कर के चारों विधानसभाओं में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाई जाए ।कार्यक्रम में जिला के महामंत्री जय व्रत सिंह, उपाध्यक्ष राम तिवारी,शिवा पांडेय, राजकुमार मिश्र,विवेकानंद सिंह मंत्री अजय कुशवाहा,जयशंकर पांडेय,महेंद्र पटेल कार्यालय मंत्री सौरभ सिंह कार्यकारिणी से रवि यादव , आनंद बारोलिया, नहुष, शुभम भूमिहार , नरेश सोनकर,दिग्विजय राजू,बृजेश्वर सभी मंडल के अध्यक्ष व महामंत्री भी मौजूद रहे प्रदेश के महामंत्री देवेंद्र पटेल जी की अगुवाई में इस कार्यक्रम को संपन्न कराया गया और बताया गया कि संगठन के रूप में किस तरीके आगामी चुनाव को सफल बनाना है उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव ने दी।

## 23-24 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल अब 28-29 मार्च को होंगी : कॉमरेड तपन सेन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आज शंकर लाल मेमोरियल हॉल में आगामी 23-24 फरवरी को होने वाली हड़ताल जो अब 28-29 मार्च 2020 को होंगी की सफलता की तैयारी के लिए जनकांवेंशन संपन्न हुआ है। जनकांवेंशन को सम्बोधित करते हुए *मुख्य अतिथि कॉम तपन सेन, महासचिव उक्ळव -सीटू ने कहा* कि जिस तरह से किसानों ने एतिहासिक संघर्ष करते हुए, लगातार एक वर्ष से भी अधिक समय तक सड़कों पर रात दिन सर्दी गर्मी बरसात सहते हुए तमाम तकलीफें उठाकर शहादतें देते हुए इस निरकुंश तानाशाही सरकार को छुका कर काले कृषि कानूनों को वापस कराया है, उसी तरह से मजदूरों कर्मचारियों को भी श्रमिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ चट्टानी एकता के साथ लड़ना होगा, आज सरकार रेल, सेल, भेल,

**सरकार के 100डे ऐक्सन प्लान को फेल किया है, रेलवे के निजीकरण को भी फेल करेगें : कॉम मनोज पाण्डेय**

**बिजिली का निजीकरण नही होने देगें : कॉम जवाहरलाल विश्वकर्मा**

बैंक, बीमा, ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, बंदरगाह, एयरपोर्ट इत्यादि सब कुछ पूंजीपतियों को सौंप देना चाहती है, वर्षों वर्ष के संघर्ष से प्राप्त श्रमिक कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिता व रक्षा आवश्यक सेवा अधिनियम बनाएं गए है जिसके रद्दीकरण तक मेहनतकशो का संघर्ष जारी रहेगा।

अतिथि कॉम मनोज पाण्डेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष-इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन ने कहा* कि 18 जून 2019 को 100डे एक्शन प्लान के नाम से रेलवे की उत्पादन इकाइयों के निगमीकरण के लिए पत्र जारी हुआ जिसके खिलाफ हम लोगों ने देश भर की रेलवे की सभी उत्पादन इकाइयों की संयुक्त संघर्ष समिति बनाकर 100डे एक्शन प्लान फेल किया है, अब नेशनल मूवमेंट टू सेव रेलवे के बैनर तले देश भर की जनता के सहयोग से जनता की सवारी भारतीय रेलवे के निजीकरण के सरकार की नीति को फेल करेगें,

जनकांवेंशन के *मुख्य वक्ता कॉम जवाहरलाल विश्वकर्मा ने कहा* उत्तर प्रदेश सरकार की बिजिली के निजीकरण के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाकर छात्रों, किसानों, मजदूरों, कर्मचारियों की एकता के बल पर हम लोगों ने संघर्ष किया और उत्तर प्रदेश में बिजली का निजीकरण होने से रोक दिया है, आने वाली 28-29 मार्च की हड़ताल को सफल किया जायेगा। जनकांवेंशन में मुख्य रूप से रिषेश्वर उपाध्याय, बाबूलाल, विनोद तिवारी, राम सिया, रवि मिश्रा, आंनद मालवीय, पद्मा सिंह, अन्नू सिंह, अनिल वर्मा, सुमित गौतम, सुनील मौर्या, आर पी सिंह, अमित कुमार यादव, मदन जी उपाध्याय, देवनन्द, गायत्री गांगुली, प्रदीप ओबामा, विमल चौधरी, प्रदीप कुमार राय, प्रदीप मिश्रा, अजीत कुमार, कृपा शंकर श्रीवास्तव, अखिल विकल्प, भूपेंद्र पाण्डेय, मुस्तकीम अहमद, डॉ सल्ललुद्दीन, सर्वेश, के एस दुबे, धर्मेन्द्र यादव, बृजेन्द्र सिंह, नागेश्वर गिरी, अवधेश यादव, समीर भट्टाचार्य, संजय तिवारी, सैयद इरफात अली, अविनाश मिश्रा, संयोजक राम सागर इत्यादि लोग शामिल रहें। जनकांवेंशन में अध्यक्ष मंडल में इंटक से देवेन्द्र प्रताप सिंह, एटक से नसीम अंसारी, सीटू से हरिश्चंद्र द्विवेदी, ऐक्टू से एस सी बहादुर, ए आई यू टी यू सी से घनशयाम मौर्य, सीओसी से सुभाषचंद्र पाण्डेय शामिल रहें। संचालन डॉ कमल उसरी ने किया।

## हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के खिलाफ अवमानना नोटिस ले ली वापस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव आयुष विभाग उत्तर प्रदेश प्रशांत त्रिवेदी के खिलाफ अवमानना नोटिस वापस ले ली है। कोर्ट ने याचिका दाखिल दफ्तर करने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने आल इंडिया डाक्टर्स एसोसिएशन व डा. परवाज उलूम की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिका में त्रिवेदी पर 18 फरवरी 2021 को पारित आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया गया था।हाई कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर अनुपालन रिपोर्ट के साथ जवाब मांगा था। हलफनामा दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि आदेश के अनुपालन में याची की सेवा नियमितीकरण पर विचार किया गया। याची का काम संतोषजनक न होने के कारण सेवा नियमितीकरण की मांग अस्वीकार करते हुए प्रत्यावेदन निरस्त कर दिया गया है।

याची का कहना था कि वह 19 साल से पीलीभीत में तदर्थ डाक्टर के रूप में कार्यरत रहा है। उसे निलंबित रखा गया। वह 31 अगस्त 2020 को सेवानिवृत्त हो गया। 19



साल की सेवा के बाद भी उसे नियमित नहीं किया गया। जो विधि विरुद्ध है। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची अपर मुख्य सचिव के दो दिसंबर 2021 के आदेश को चुनौती दे सकता है। आदेश का अनुपालन कर दिया गया है याचिका में कुछ शेष नहीं रह गया है।

## खबर संक्षेप

### दरोगा के घर से चोरों ने उड़ा दी बाइक

**प्रयागराज।** बाइक चोरी करने वालों का हौसला बुलंद है। दरोगा अशोक कुमार लक्ष्मी टॉकीज के पास लॉज में रहते हैं। वर्तमान में उनकी ड्यूटी इलाहाबाद हाईकोर्ट में लगी हुई है। उन्होंने कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है कि 29 जनवरी को हाईकोर्ट ड्यूटी पर गए थे। रात में लौटने के बाद बाइक खड़ी की और कमरे में सोने चले गए। अगले दिन सुबह जब उठे तो पता चला कि बाइक गायब है। उन्होंने सीसीटीवी फुटेज पड़ताल की जिसमें एक युवक बाइक चोरी करके ले जाता हुआ नजर आया है। फुटेज के आधार पर दरोगा ने थाने में बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। कुछ दिन पहले ही आजाद पार्क के सामने से एक सिपाही की बाइक चोरी हो गई थी उसने भी कर्नलगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।

# मौनी अमावस्या के पूर्व संध्या पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त व जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**मेला क्षेत्र में बनाए गए सभी स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जल पुलिस एवं गोताखोरों की रहेगी तैनाती**

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले के तृतीय स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दृष्टिगत की गई तैयारियों की समीक्षा मंडलायुक्त संजय गोयल ने आज आई ट्रिपल सी सभागार में सभी वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर की। जिसमें मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, कोविड-19 प्रोटोकॉल का अनुपालन, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। सभी व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने विभिन्न सेक्टरों में बनाए गए सभी स्नान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु जल पुलिस एवं गोताखोरों की तैनाती, मेला क्षेत्र एवं शौचालयों में सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु सफाई कर्मियों की शिफ्ट वाइज तैनाती, शौचालयों से सेप्टेज निकाल कर उसे एसटीपी तक ले जाने हेतु गाड़ियों के रूट प्लान तथा श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु बनाए गए रूट प्लान का अक्षरसः अनुपालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।अधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में भीड़ पर नियंत्रण हेतु लाउड हेलर एवं रस्सी का उपयोग, मेला क्षेत्र से भीड़ को निकालने के बाद उसे रेलवे स्टेशन एवं बस स्टेशन तक चिन्हित मार्गों से ही ले जाने तथा जनपदीय एवं अंतर विभागीय अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए सभी कार्यों को संपादित करने के भी निर्देश मंडलायुक्त द्वारा दिए गए। बेहतर समन्वय हेतु उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को एक दूसरे का नंबर अपने पास रखने के भी निर्देश दिए हैं।

साथ ही आपातकालीन स्थिति हेतु कंटीन्जेसी प्लान का उपयोग करने, मेडिकल इमरजेंसी पड़ने पर विभिन्न सेक्टरों में तैनात 30 एंबुलेंस का उपयोग करने तथा मेला के सभी एंट्री प्वाइंट्स एवं घाटों के समीप स्थापित कोविड हेल्प डेस्क को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए गए। मंडलायुक्त ने भीड़भाड़ वाले स्थानों से भिक्षुकों को विस्थापित करने, स्नान क्षेत्र से आवारा कुत्तों को हटाने, तथा मेला क्षेत्र को पॉलिथीन फ्री रखने के भी निर्देश दिए हैं।बैठक में जिलाधिकारी संजय खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शहर के अंदर की भीड़ के प्रबंधन के दृष्टिगत भी पूर्व में बनाई गई कार्य योजना का अक्षरसः अनुपालन करते हुए समुचित व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बैठक में मेला अधिकारी अरविंद चौहान, पुलिस अधीक्षक मेला राजीव नारायण मिश्रा समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त व जिलाधिकारी



# मौनी अमावस्या पर्व पर गंगा स्नान, दान, मौन व्रत का है अत्यधिक महत्व

**मंगलवार को पड़ने वाली अमावस्या को भौमवती अमावस्या भी कहते हैं मौनी अमावस्या का पर्व आज, संगम नगरी में भक्तों की लगेगी अपार भीड़**

(सुनील गिरि)

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या का स्नान पर्व मंगलवार को जहां देश भर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं प्रयागराज की पावन पवित्र धरती संगम नगरी में तंबुओं में रहकर कल्पवास कर रहे गंगा मैय्या के भक्त भी बड़ी धूमधाम से पर्व को मनाएंगे। शुभ मुहूर्त में स्नान करने के लिए देश के कोने-कोने से भक्तों का जत्था संगम नगरी संगम में पहुंच रहे हैं। बता दें कि माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मौनी अमावस्या होती है। इसे माघी अमावस्या या माघ अमावस्या भी कहते हैं। मौनी अमावस्या की सही तिथि, गंगा स्नान, दान, मौन व्रत आदि का अत्यधिक महत्व होता है। मौनी अमावस्या इस बार 01 फरवरी दिन मंगलवार को है। मंगलवार को पड़ने वाली अमावस्या को भौमवती अमावस्या भी कहते हैं। हालांकि कुछ लोग 31 जनवरी को मौनी अमावस्या बता रहे हैं, लेकिन तिथि अनुसार 01 फरवरी को मौनी अमावस्या स्नान, दान और व्रत के लिए अच्छा है। इस दिन गंगा स्नान करने और मौन व्रत रखने की परंपरा है और स्नान-दान से पुण्य लाभ प्राप्त होता है।

**गंगा स्नान, दान मौन व्रत आदि का महत्व**

पंचांग के आधार पर देखा जाए तो इस बार माघ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि 31 जनवरी को दोपहर 02:18 से शुरू हो रही है। जो 01 फरवरी दिन मंगलवार को दिन में 11:15 बजे तक रहेगा। ऐसे में स्नान दान के लिए उदयातिथि मान्य होती है। अमावस्या की तिथि में सूर्योदय 01 फरवरी को है। इसलिए इस दिन ही मौनी अमावस्या का स्नान, दान और व्रत रखना उत्तम होगा।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज और रेलवे ने कसी कमर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेले के सबसे बड़े स्नान पर्व मौनी अमावस्या के अवसर रोडवेज ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार को अमावस्या के अवसर पर यूपी रोडवेज द्वारा श्रद्धालुओं को यहां लाने एवं उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए तीन हजार बसों का संचालन किया जाएगा।

**भीड़ के हिसाब से बढ़ाई जाएंगी बसें**

रोडवेज अफसरों के अनुसार अमावस्या पर अगर भीड़ ज्यादा हो गई तो बसों का संचालन सिविल लाइंस बस स्टेशन के साथ तीन अन्य स्थानों से भी रूट वार किया जाएगा। भीड़ बढने. पर वाराणसी, जौनपुर, गोरखपुर एवं आजमगढ़ रूट की बसें झूंसी से, मिजार्पुर, बांदा, चित्रकूट रूट की बसें नैनी स्थित लेप्रेसी चौराहे से चलाई जाएंगी।इसके अलावा कानपुर, सैनी, आगरा, दिल्ली रूट की बसें पत्थर गिरजा सिविल लाइंस और लखनऊ, अयोध्या, हल्द्वानी, बस्ती रूट की बसें सिविल लाइंस बस स्टेशन से संचालित की जाएंगी।

**रामबाग से बनारस के लिए स्पेशल ट्रेन**

दूसरी ओर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। प्रयागराज रामबाग से बनारस के लिए स्पेशल ट्रेन सुबह 7.20 बजे चलेगी। इसके बाद बनारस के लिए ही दूसरी स्पेशल सुबह 11 बजे रवाना होगी।भटनी के लिए स्पेशल ट्रेन का संचालन सुबह नौ बजे होगा। इसके पूर्व सुबह गोरखपुर के लिए सुबह 5.20 बजे स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर प्रयागराज संगम से अयोध्या, लखनऊ के लिए भीड़ देखकर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यहां चार रेक रेलवे ने तैयार किए हैं। वहीं प्रयागराज जंक्शन से कानपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं मानिकपुर के लिए भीड़ के हिसाब से स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी।

### जेल में ही रहेंगे आनंद गिरी, सीबीआइ को हलफनामा दाखिल करने का मिला समय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रहे महंत नरेंद्र गिरि की मौत के मामले में अभियुक्त आनंद गिरि उर्फ अशोक कुमार चोटिया की जमानत अर्जी पर सीबीआइ से उनकी आस्ट्रेलिया में गिरफ्तारी व रिहाई के तथ्यों की सत्यता के साथ 10 दिन में हलफनामा मांगा है। जमानत अर्जी की सुनवाई 14 फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने आनंद गिरि की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है।याची की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी ने कहा कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। पुलिस चार्जशीट में यह कहा गया है कि याची जब मई 2019 में आस्ट्रेलिया में थे तो छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस की अभिरक्षा में थे। बाद में छोड़ दिया गया और वह भारत वापस आ गए। सीबीआइ के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश व संजय कुमार यादव ने इस तथ्य के सत्यापन के लिए समय मांगा। इस पर कोर्ट ने सीबीआइ को सत्यापन हलफनामा दाखिल करने का समय दिया है।

# विक्रम पलटने से एक की हुई मौत, दो जख्मी


हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़

अखंड भारत संदेश

**झूंसी।** वाराणसी-प्रयागराज मार्ग झूंसी चक पर सोमवार को बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विक्रम ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में विक्रम पलट गई। जिससे एक युवक की मौत हो गई जबकि एक महिला एवं पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया हैं। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि वाराणसी-प्रयागराज मार्ग पर एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में विक्रम अनियंत्रित हो गई। इस दौरान लीलापुर रोड की तरफ से आ रहे साइकिल सवार से टकरा गई। विक्रम चालक ने हादसे को बचाने की कोशिश की लेकिन अचानक तेज ब्रेक लगाने से वह गाड़ी लेकर पलट गया। इस हादसे में साइकिल सवार युवक की जान चली गई। वहीं विक्रम में सवार सभी को चोटें आई है।

# बहुजन रंगकर्मी अप्रत्यक्ष रूप से करेंगे बसपा प्रत्याशियों का प्रचार

**बसपा ही कर सकती है बहुजन साहित्य कला और संस्कृति का जीर्णोद्धार**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बहुजन साहित्य कला संस्कृति के साथ साथ बहुजन रंगमंच के विकास संरक्षण सम्बर्धन और उसके पुनरस्थापत्य के लिये विगत 2007 से प्रयागराज में सतत कार्य कर रही प्रबुद्ध फाउंडेशन, डा. अम्बेडकर वेलफेयर एसोसिएशन (दावा) के सभी पदाधिकारी, सदस्य और रंगकर्मी अप्रत्यक्ष रूप से बहुजन समाज पार्टी के प्रभारी प्रत्याशियो का प्रचार प्रसार करेंगे उक्त बाते बहुजन रंगमंच के एक मात्र रंग निदेशक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रामबृज गौतम ने ग्लास फैक्ट्री पंतरवा स्थित डा. अम्बेडकर बुद्ध विहार के प्रांगण में रंग कर्मियों को एक वर्षीय प्रमाण पत्र वितरित करते हुये कही। गौतम ने बहुजन रंगकर्मियों निर्देशित हुये बताया कि देश में 85% बहुजनों की जनसंख्या होकर भी हम कुछ नहीं हैं क्योंकि हम असंगठित हैं 'और अल्पजन 15% होते हुए भी देश की सभी सत्ता प्रतिष्ठानों पर काबिज है क्योंकि वे संगठित हैं। देश की सत्ता बहुजनो की होती अगर हम समझ से काम लेते और हमारा घर वार केवल बीएसपी होती और तब देश में हम दाता होते और याचक कोई और होता और समता स्वतंत्रता और बन्धुत्व पर आधारित सामाजिक व्यवस्था कब की स्थापित हो गयी होती। सबको शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार व सामाजिक न्याय मिलता तब बिरसा फूले अम्बेडकर साहूजी महारज पेरियार रामासामी कबीर रैदास व तमाम बहुजन महापुरुषों का सपना पूरा हो गया होता। श्री गौतम ने आगे बताया कि देश की आजादी के चौहत्तर साल बाद भी देश जाति और जातिवाद से मुक्त नहीं हो पाया। आज भी भारत का नागरिक एक मानुष्य और उसके अन्दर मानवता स्थापित नहीं हो पाई। निश्चित ही बसपा प्रमुख बहनजी के दिए गए स्लोगन सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय बसपा की सत्ता से ही प्रतिस्थापित होगा।

### दुष्कर्म के आरोपित मौसिया ससुर की अग्रिम जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मौसिया ससुर व सास की गिरफ्तारी के समय अग्रिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया है। इनके खिलाफ बहू के साथ मारपीट, गाली-गलौज व दुष्कर्म करने के आरोप में प्रयागराज के दारागंज थाना में एफआइआर दर्ज कराई गई है। कोर्ट ने याचियों को शर्तों का पालन करने का भी निर्देश दिया है। साथ ही पुलिस को तीन माह में विवेचना पूरी करने का भी आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति वीके सिंह ने अजय पांडेय व उमा पांडेय की अग्रिम जमानत अर्जी को स्वीकार करते हुए दिया है।अर्जी पर अधिवक्ता अभिषेक चौहान ने बहस की। याची का कहना था कि उसे फर्जी, मनगढ़ंत आरोपों में झूठा फंसाया गया है। उसने कोई अपराध नहीं किया, न ही कोई आपराधिक इतिहास है। शिकायत कर्ता के साथ हुए समझौते में उसने खुद ही लगाये आरोपों से इन्कार किया है। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल नहीं की है। उसे आशंका है कि पुलिस उसे गिरफ्तार कर सकती है। इसलिए वह अग्रिम जमानत पाने का हकदार है। कोर्ट ने कहा कि 25 हजार के व्यक्तिगत मुचलके व दो प्रतिभूति पर गिरफ्तारी के समय अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाय।

# बेकाबू कार की टक्कर से युवक की मौत घर का इकलौता था लवलेश

अखंड भारत संदेश

**कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर प्रयागराज झांसी मार्ग पर स्थित नीबी ढाल पर हुआ हादसा**


मृतक की फाइल फोटो

**बारा।** कोतवाली क्षेत्र के मिजार्पुर प्रयागराज झांसी मार्ग पर स्थित नीबी ढाल पर सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से 23 वर्षीय तांगा चालक की मौत हो गयी। जिसकी जानकारी मिलने से पत्नी भी बदहवास हो गयी।लवलेश विश्वकर्मा (23) पुत्र हेतलाल निवासी बेमरा शंकरगढ़ जो अप्पे चालक है। दो वर्ष पूर्व उसकी शादी घूरपुर के सेमरा कल्बना निवासी अनीता से हुई थी। दोनों के बीच तीन का दुघमुंहा बच्चा है। लवलेश तांगा चलाकर अपना व परिवार का भरण पोषण करता था।सोमवार को वह तांगा लेकर नीबी की तरफ जा रहा था। नीबी ढाल पर प्रयागराज से शंकरगढ़ की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने साइड से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें वह अनियन्त्रित होकर पलट गया और लवलेश गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपित कार चालक कार छोड़कर फरार हो गया था। पुलिस घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लवलेश की मौत की खबर घर पहुंची तो उसकी पत्नी बदहवास होकर गिर पड़ी और चीख पुकार मच गयी।ग्रामीणों की माने तो मृतक लवलेश अपने पिता हेतलाल का इकलौता पुत्र था। जो अपने माता पिता और पत्नी व बच्चों का भरण पोषण करता था अब इकलौता चिराग बुझने पर कौन परिवार का भरण पोषण करेगा। फिलहाल पुलिस क्षतिग्रस्त अप्पे व कार को क्रेन से थाने उठा ले गयी।

# पीजी प्रवेश के लिए कटऑफ जारी

अखंड भारत संदेश

**इलाहाबाद विश्व विद्यालय (इविवि) दो फरवरी से खुल जाएगा इसके बाद विभागों में परास्नातक (पीजी) प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय (इविवि) दो फरवरी से खुल जाएगा। इसके बाद विभागों में परास्नातक (पीजी) प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। एमबीए और एमकॉम में प्रवेश के लिए सोमवार को नए कटऑफ जारी कर दिए गए। एमकॉम में प्रवेश के लिए चार फरवरी और एमबीए में प्रवेश के लिए सात फरवरी को काउंसलिंग होगी।कोविड के कारण इविवि और इसके संघटक महाविद्यालय 10 जनवरी से लगातार बंद चल रहे हैं। तब से विश्वविद्यालय में पीजी में ऑफलाइन प्रवेश की प्रक्रिया भी ठप पड़ी हुई है। पीजी प्रवेश का शुल्क विभागों में ही जमा होता है और विभाग बंद होने के कारण प्रवेश की प्रक्रिया भी रोक दी गई थी। इविवि प्रशासन ने निर्णय लिया है कि दो फरवरी से विश्वविद्यालय के सभी कार्यालय पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे और शिक्षक भी अपने विभागों में आएंगे, जबकि कक्षाओं का संचालन ऑनलाइन जारी रहेगा।विश्वविद्यालय खुलने के बाद चार फरवरी को एमकॉम में प्रवेश लिए जाएंगे। इसके लिए अनारक्षित वर्ग में 146 या अधिक अंक, ओबीसी वर्ग में 121 या अधिक अंक, ईडब्ल्यूएस वर्ग में 129 या अधिक अंक, एससी वर्ग में 90 या अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों, दिव्यांग कोटा में मेडिकल बोर्ड से संस्तुत सभी अभ्यर्थियों और एसटी वर्ग एवं शिक्षक/कर्मचारी कोटा के सभी अभ्यर्थियों को अपराह्न दो बजे आवश्यक अभिलेखों के साथ विभाग में संपर्क करने के लिए कहा गया है। वहीं, सात फरवरी को एमबीए में प्रवेश के लिए अनारक्षित श्रेणी में 234 या अधिक अंक, ईडब्ल्यूएस वर्ग में 228 या अधिक अंक, ओबीसी वर्ग में 214 या अधिक अंक, एससी वर्ग में 176 या अधिक अंक, एसटी वर्ग में 92 या अधिक अंक, शिक्षक/कर्मचारी कोटा में 199 या अधिक अंक पाने वाले और दिव्यांग कोटा में मेडिकल बोर्ड से संस्तुत सभी अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। अभ्यर्थियों को सुबह दस बजे मोनिरबा के राजशेखर हॉल में आवश्यक दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करने को कहा गया है।

### शादी के बाद धोखा देने वाले युवक पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** दगाबाज प्रेमी व पति की यह कहानी है। कहानी हकीकत है। एक युवक ने युवती से नजदीकी बढ़ाई फिर उससे शादी रचाई। जब यह अहसास हुआ कि युवती को उसके परिवार वाले नहीं अपनाएंगे तो उसे बिना सोचे-समझे छोड़ दिया। उससे दूरी बना ली। युवती ने इसका कारण पूछने के साथ ही घर ले जाने को कहा तो धमकी दी जाने लगी। अब इस मामले में धूमनगंज थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार भी कर लिया है।प्रयागराज शहर में धूमनगंज थाना क्षेत्र के बेगम बाजार ग्यासुद्दीनपुर निवासी सलीम अहमद ने क्षेत्र में ही सैलून की दुकान खोल रखी है। कुछ समय पहले उसकी जान पहचान दूसरे समुदाय की एक युवती से हो गई। युवती एक निजी अस्पताल में काम करती है। धीरे-धीरे दोनों में प्रेम संबंध प्रगाढ़ हो गया। इधर, दो सप्ताह पहले युवती ने धूमनगंज थाने में तहरीर देकर सलीम अहमद के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।पुलिस ने तत?काल कार्रवाई करते हुए आरोपित सलीम हमद को गिरफ्तार कर लिया।

### कोचिंग के लिए निकला छात्र लापता

**प्रयागराज।** कीडगंज में किराए पर रहकर पढ़ाई करने वाला एक छात्र रहस्यमय परिस्थिति में लापता हो गया है। उसके भाई ने कीडगंज थाने में गायब होने की एफआईआर दर्ज कराई है। कोरांव थाना क्षेत्र का रहने वाला रिशु सिंह अपने छोटे भाई 15 वर्षीय प्रांशु के साथ नई बस्ती कीडगंज में किराए पर रहता है। रिशु ने कीडगंज पुलिस को बताया कि 27 जनवरी को उसका छोटा भाई कोचिंग जाने के लिए निकला था लेकिन इसके बाद से नहीं लौटा। उसकी तलाश में कोचिंग भी गया है लेकिन कुछ पता नहीं चला। आखिर में कीडगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस उसकी फोटो की मदद से तलाश कर रही है।

# पूर्व सांसद अतीक के चार अन्य गुर्गों के खिलाफ गैर जमानती वारंट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के चार अन्य गुर्गों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हो गया है। यह सभी पांच करोड़ की रंगदारी मांगने और जानलेवा हमले के मामले में फरार चले रहे हैं। इससे पहले अतीक के बेटे अली के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती वारंट जारी कराया था जो खुद भी इसी मामले में अभियुक्त है और फरार भी चल रहा है।31 दिसंबर को करेली के ऐनुद्दीनपुर में जमकर बवाल हुआ था। यहां जेसीबी चलवाकर कार्यालय ढहाने के साथ ही जमकर मारपीट भी हुई थी। कसारी मसारी निवासी जीशान उर्फ जानू ने आरोप लगाया है कि जेसीबी चलवाकर कार्यालय ढहाने व मारपीट करने वाले अतीक के लोग थे, जिनमें उसका बेटा भी शामिल था।उसने जबरन फोन पर उससे अपने अब्बू की बात कराई जिसने पांच करोड़ की रंगदारी मांगी। इस मामले में कुल नौ आरोपी नामजद हुए जबकि दो को मौके से पकड़ा गया। अली समेत घटना के सात आरोपी एक महीने बाद भी पकड़े नहीं जा सके हैं। पुलिस ने पिछले दिनों अली के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी कराया था।

**कुर्की की कार्रवाई के लिए पुलिस कोर्ट में देगी अर्जी**

अब उसके चार अन्य साथियों के खिलाफ भी गैर जमानती वारंट जारी हो गया है। इनमें कल्लू, आरिफ उर्फ कछौली, असद और एक अन्य शामिल हैं। करेली पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। निर्धारित अवधि में उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ कुर्की की कार्रवाई शुरू करने के लिए कोर्ट में अर्जी दी जाएगी।

**दो आरोपियों के लिए आज दी जाएगी अर्जी**

पुलिस सूत्रों का कहना है कि मामले में अली, कल्लू, आरिफ उर्फ कछौली व असद के अलावा इमरान गुड्डू व संजय भी नामजद हैं और घटना के बाद से ही फरार चल रहे हैं। इनके खिलाफ भी गैरजमानती वारंट जारी कराया जाएगा। इसके लिए मंगलवार को कोर्ट में अर्जी दी जाएगी। पुलिस का यह भी कहना है कि आरिफ उर्फ कछौली का पिछले दिनों वायरल हुए वीडियो की जांच की जा रही है।

# 1962 में कांग्रेस की हार के बाद इंदिरा जी आई थीं बेल्हा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले में वर्ष 1962 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार और जनसंघ को तीन सीटें मिलने के बाद 1967 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने यहां पहुंचकर बाजी पलट दी थी। राजा अजीत प्रताप सिंह से इंदिरा गांधी की मुलाकात के बाद चुनावी समीकरण बदल गए थे और कांग्रेस ने छह सीटों पर जीत हासिल की थी।

वर्ष 1962 के विधानसभा चुनाव में जनसंघ को तीन सीटों पर कामयाबी मिली थी। इससे कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा था। तीन सीटों पर मिली करारी हार के बाद प्रतापगढ़ में कांग्रेस की सियासी जमीन खिसकने लगी थी। कांग्रेस इसे पचा नहीं पा रही थी। शहर के प्रमुख व्यवसायी रमाशंकर खंडेलवाल

## 1967 में पलट गई बाजी कांग्रेस को मिली सभी छह सीटें

बताते हैं कि 1967 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाने के लिए खुद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रतापगढ़ आईं। इस बार भी माहौल जनसंघ के पक्ष में था, लेकिन चुनाव से ठीक पहले इंदिरा गांधी ने अपने सधे दांव से बाजी पलट दी। कुंडा के डाक बंगले में जनसंघ के सांसद राजा अजीत प्रताप सिंह से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मुलाकात की। इसके बाद राजा अजीत जनसंघ से इस्तीफा देकर कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने छह सीटों पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की और जनसंघ का सूपड़ा साफ हो गया। 1962 के विधानसभा व लोकसभा चुनाव एक साथ हुए थे। विधानसभा चुनाव में जिले में खाता खोलने के साथ ही जनसंघ ने पट्टी, सदर और कोहंड़ौर की सीट पर जीत दर्ज की। तीनों सीटों पर कांग्रेस को करारी हार मिली।

लोकसभा चुनाव में भी प्रतापगढ़ में जनसंघ का डंका बजा था और राजा अजीत प्रताप सिंह सांसद चुने गए थे। रमाशंकर बताते हैं कि वर्ष 1962 के चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी प्रचार करने आए थे। बावजूद इसके कांग्रेस को करारी हार झेलनी पड़ी। कांग्रेस इस हार को भुला नहीं पा रही थी। पार्टी के नेता प्रतापगढ़ में कांग्रेस के सियासी जमीन दरकने से चिंतित थे। 1962 की जीत के बाद 1967 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंघ के नेता उत्साहित थे। जनसंघ का माहौल भी बना था। चुनाव से पहले अचानक तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी प्रतापगढ़ पहुंचीं और सांसद राजा अजीत प्रताप सिंह से मुलाकात की।

घंटेभर की इस मुलाकात ने जिले के सियासी समीकरण बदल दिए थे। इंदिरा जनसंघ में सेंध लगाने में कामयाब रहीं। उनसे मुलाकात के बाद राजा अजीत प्रताप सिंह कांग्रेस में शामिल हो गए। इसका नतीजा यह रहा कि कांग्रेस ने जिले की कुंडा, बिहार (अब बाबागंज), लक्ष्मणपुर (अब विश्वनाथगंज), रामपुर खास, सदर, पट्टी में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। 1967 के विधानसभा चुनाव में कुंडा में कांग्रेस से नियाज हसन, बिहार (अब बाबागंज) से कांग्रेस से रामस्वरूप भारती, लक्ष्मणपुर (अब विश्वनाथगंज) से कांग्रेस से रामनरेश शुक्ला, सदर से कांग्रेस के राजा अजीत प्रताप सिंह, रामपुर खास से कांग्रेस के रामअंजोर मिश्र, पट्टी से कांग्रेस के रामकिंकर व बीरापुर से एसएसपी से रामदेव दूबे विधायक बने थे। उसके बाद कांग्रेस ने 1969 व 1974 में भी अपना परचम लहराया। उसके बाद वर्ष 1991 में फिर भाजपा लहर में ब्रजेश शर्मा, 2002 में हरिप्रताप सिंह, 2017 में संगम लाल गुप्ता व 2019 के उपचुनाव में राजकुमार पाल चुनाव जीते हैं। समाजवादी पार्टी में 1993 में लाल बहादुर सिंह, 1996 में सीएन सिंह, 2012 में नागेन्द्र कुमार सिंह मुन्ना यादव चुनाव जीत चुके हैं। बसपा के संजय तिवारी वर्ष 2007 में चुनाव जीते थे।

## पहली बाद अद का 2000 में खुला था खाता

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वर्ष 2000 में प्रदेश का पहला अपना दल प्रत्याशी हाजी मुन्ना सदर क्षेत्र से विधायक बने थे। यद्यपि कि बाद में वह समाजवादी पार्टी में चले गये लेकिन सदर क्षेत्र को अपना दल में हाजी मुन्ना ने ही प्रवेश दिया था। अपना दल के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उनकी बेटी अनुप्रिया पटेल से भाजपा ने गठबंधन कर लिया था लेकिन इस चुनाव में समाजवादी पार्टी ने अनुप्रिया की मां तथा बहन से समझौता कर अपना दल में भी दो फाड़ कर दिया है।

# नगर विकास के विशेष सचिव ने अस्पताल तथा धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शासन के नगर विकास के विशेष सचिव के औचक निरीक्षण को लेकर सोमवार को यहां प्रशासनिक क्षेत्र मे अफरातफरी का माहौल दिखा। प्रदेश के विशेष सचिव अमित कुमार ने स्थानीय सीएचसी, धान क्रय केन्द्रों व गौ-शाला मे औचक निरीक्षण किया। वहीं स्थानीय ब्लाक सभागार मे कोविड-19 तथा अन्य शासकीय बिंदुओं को लेकर समीक्षा बैठक की। विशेष सचिव ने स्थानीय सीएचसी मे वार्डो का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं सीएचसी परिसर मे इण्टरलाकिंग व कोविड तथा प्रकाश व्यवस्था के मद मे खर्च हुई धनराशि की भी हकीकत खंगाली। इसके बाद विशेष सचिव ने लक्ष्मणपुर के धान क्रय केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। धान क्रय केन्द्रों पर विशेष सचिव ने किसानों की खरीद के बाबत अभिलेखों का परीक्षण किया। वहीं तिना चितरी स्थित क्रय केन्द्र पर मिले किसानों से खरीद के बाबत परेशानियों को लेकर भी पूछताछ की। विशेष सचिव ने क्रय केन्द्र प्रभारी को धान खरीद मे पारदर्शिता बरते जाने के कडे निर्देश दिये। इसके बाद विशेष सचिव ने देवली गांव मे गोशाला का भी औचक निरीक्षण किया। विशेष सचिव ने स्थानीय ब्लाक सभागार मे कोविड-19 तथा अन्य शासकीय बिंदुओं पर बैठक करते हुए समीक्षा भी की। निरीक्षण के दौरान मौजूद एसडीएम लालगंज ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने विशेष सचिव को वांछित सूचनाएं प्रदान की। इस मौके पर डिप्टी आरएमओ अजीत त्रिपाठी, सीएमओ डा. एके श्रीवास्तव, डीडीओ ओपी पाण्डेय, तहसीलदार जावेद अंसारी व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आदि अफसर मौजूद रहे।

## पाबन्दी कार्रवाई मे तेजी से इलाके मे हडकम्प का माहौल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस की पाबन्दी कार्रवाई मे तेजी को लेकर हडकंप मचा हुआ है। कोतवाली लालगंज पुलिस ने चुनाव मे शांति व्यवस्था की दृष्टि से अब तक दो सौ उन्सठ चालानी मे चार हजार पचास लोगों को पाबन्द कराया है। वहीं पुलिस द्वारा चुनावी तैयारियों के तहत सोमवार को वीट वार शस्त्र जमा कराये जाने के अभियान मे भी तेजी दिखी। पुलिस ने बड़ी संख्या मे अब तक शस्त्र न जमा करने वालों को सूचीबद्ध कर इनके शस्त्र निरस्तीकरण की कार्रवाई की भी प्रारंभिक तैयारियां तेज कर दी है। हालांकि लालगंज एवं सांगीपुर तथा उदयपुर व जेठवारा थाना क्षेत्रों मे पुलिस की पाबन्दी कार्रवाई से हडकंप मचा हुआ है। वहीं पाबन्दी कार्रवाई मे भौतिक सत्यापन न कर कागजी कोरम पूरा किये जाने को लेकर अफसरो के सामने शिकायतों की भी संख्या बढ़ रही है। एसडीएम को दिये गये कई शिकायती पत्र मे शिकायतकताओं ने बिना जांच पड़ताल के पाबन्दी कार्रवाई मे नामों को शामिल किये जाने पर आपत्ति भी उठायी है। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह का कहना है इन शिकायतों की जांच करायी जायेगी, किसी भी दशा मे निर्दोष अथवा शांतिप्रिय व्यक्ति को परेशान नही होने दिया जाएगा।



महात्मा गांधी का श्रद्धांजलि देते अतिथिगण।

# महात्मा गांधी का भाईचारे का संदेश आज भी गूंजता है

### भवरालय चिलबिला में हुआ श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर भवरालय चिलबिला में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन पूर्व जिला होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी हरिकेश बहादुर सिंह के आयोजकत्व में आयोजित की गई। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वारिष्ठ साहित्यकार डॉ दयाराम मौर्य रत्न व संचालन कवि सुरेश नारायण दुबे व्योम ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प व माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत आए हुए अतिथियों का स्वागत डॉक्टर प्रतीक सिंह ने माल्यार्पण कर किया। कोरोना गाइड लाइन के तहत हुए कार्यक्रम मे शामिल लोगों ने अहिंसा एवं शांति तथा लोक कल्याण के प्रति समर्पित होने का संकल्प ग्रहण किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शांति के दूत, महात्मा गांधी का सार्वभौमिक भाईचारे का संदेश आज भी गूंजता है। सत्य और समानता की उनकी खोज लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का काम करती है। कार्यक्रम के आयोजक डॉ हरिकेश बहादुर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का महान व्यक्तित्व, उनके विचार और आदर्श आज भी हम सबको एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं। अन्त में बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का भजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रुप से श्रीमती माया त्रिपाठी, प्रेम कुमार त्रिपाठी, सौरभ सिंह, रिंकू, प्रभा सिंह, पूजा सिंह, पंकज सहित आदि मौजूद रहे।

# सभी कार्मिकों, अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों के लिये मास्क पहनना अनिवार्यः डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 नितिन बंसल एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने आज क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में बने सातों विधानसभाओं के नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं को आज ही तत्काल पूर्ण करने का निर्देश दिया।

उन्होने इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता एवं कोविड गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाये यदि किसी राजनैतिक दल या प्रतिनिधि द्वारा कोई उल्लंघन किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने इस दौरान कहा कि आरओ कक्ष में शारीरिक दूरी का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु 02 मीटर की दूरी रखी जाये। नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी कार्मिकों, अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावकों के लिये मास्क पहनना अनिवार्य होगा। आयोग के

## डीएम व एसपी ने नामांकन स्थल अफीम कोठी का किया निरीक्षण



नामांकन स्थल का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

निदेर्शानुसार उम्मीदवारों के साथ आने वाले वाहनों एवं काफिले को 100 मीटर की परिधि के भीतर आने की अनुमति नहीं होगी। नामांकन कक्ष में आयोग के निदेर्शानुसार उम्मीदवार के साथ 02 अन्य व्यक्ति (उम्मीदवार सहित कुल 03 कोविड प्रोटोकॉल के दृष्टिगत) ही नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकते है। आदेश के अनुपालन में उम्मीदवार के साथ नियत व्यक्तियों को ही रिटर्निंग आफिसर के कक्ष में प्रवेश कराया जायेगा। समस्त उम्मीदवारों को कोविड प्रोटोकाल व आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा। आरओ कक्ष के बाहर थर्मल स्कैनिक/फीवर स्क्रीनिंग, हैण्ड सैनीटाइजर, साबुन एवं पानी आदि की व्यवस्था रहेगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान आतिशबाजी, रोड शो, पद-यात्रा, साइकिल/बाइक/वाहन रैली तथा जुलूस प्रतिबन्धित रहेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार शुक्ल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के तहत नामांकन स्थल क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी में विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास हेतु कक्ष संख्या 01, बाबागंज (अ0जा0) हेतु कक्ष संख्या 02, कुण्डा हेतु कक्ष संख्या 03, विश्वनाथगंज हेतु कक्ष संख्या 04, प्रतापगढ़ हेतु कक्ष संख्या 05, पट्टी हेतु कक्ष संख्या 06 तथा रानीगंज हेतु कक्ष संख्या 07 निर्धारित है जिसमें नामांकन पत्रों की प्राप्ति, जांच, वापसी एवं प्रतीक आवंटन सम्बन्धी समस्त प्रक्रिया सम्पन्न होगी। आवंटित कक्ष में पांचवे चरण के लिये 01 फरवरी से 08 फरवरी तक पूर्वन्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे के मध्य रिटर्निंग आफिसर द्वारा नामांकन प्राप्त किये जाएंगे।

# एक ही रात मे तीन घरों मे चोरी, नकदी समेत लाखों के जेवरात उड़ाये

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/लालगंज।** नगर कोतवाली के स्टेशन रोड सीताराम गली में अरुण श्रीवास्तव के कारखाने में हुई लाखों की चोरी हुई। बीती रात लगभग दो से तीन बजे के बीच चोर दिवाल कूदकर कारखाने मे बिल्डिंग मशीन तीन ग्राइन्डर तौलने वाला बाट और अन्य लगभग लाखों रुपये के सामान को उठा ले गए। सुबह जब जानकारी अरुण श्रीवास्तव को हुई तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। बीच शहर में लूट की घटना होना बेल्हा पुलिस पर सवालिया निशान खडा कर रही है मामले को लेकर शहरवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

उधर लालगंज कोतवाली की लीलापुर चैकी क्षेत्र मे एक ही रात तीन घरों मे चोरी की वारदातों से हडकंप मच गया। कोतवाली के सराय संसारा मुल्तानीपुर साहबगंज निवासी गणेश प्रसाद मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोडकर घर मे रखे महिलाओं के सोने चांदी के जेवरात व पैतीस हजार रुपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घरेलू सामान भी अस्तव्यस्त करते हुए भी नुकसान पहुंचाया। घटना की अगली सुबह परिवार के सदस्यों को घर मे चोरी की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया।

पीडित ने कोतवाली पहुंचकर घटना को लेकर तहरीर सौंपी है। वहीं बहलोलपुर के मो. हनीफ के पुत्र शरीफ के घर भी चोरों ने हजारों का माल उड़ा लिया। पीड़ित का कहना है कि उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने उसे डांटकर भगा दिया। तीसरी घटना साहबगंज बाजार में किराने की दुकान मे भी चोरों ने ताला तोडकर चोरी की घटना अंजाम दी। यहां बदमाशों ने किराना व्यवसाई गुडडू को गमछे से बांधकर कीमती सामान सहित पचास हजार रुपए नकद उडा लिये। एक ही रात मे तीन घरों मे चोरी की घटना से इलाके मे दहशत का माहौल छा गया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि घटनाओं की जांच कराकर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

## सीताराम गली में कारखाने से लाखों की चोरी



सीताराम गली में कारखाने में चोरी के बाद बिखरा सामान।

## पंचायत भवन के कमरे का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परियावां पंचायत भवन में रविवार की बीती रात अज्ञात चोर पंचायत भवन के पीछे स्कूल की दीवार फांदकर पंचायत भवन में बने कमरे का ताला तोड़कर लाखो रुपये के कीमती कम्प्यूटर सीसीटीवी सेट इन्वर्टर बैटरा चुरा ले गए। सुबह जब लोगो की नजर कमरे के दरवाजे पर पड़ी तो देखा ताला टूटा दरवाजा खुला पड़ा है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने फोन पर ग्राम प्रधान पति अनिल कुमार मौर्य को दी। मौके पर पहुचे ग्राम प्रधान पति ने घटना की जानकारी ग्राम विकास अधिकारी ब्यास कुमार मौर्य को दी। चोरी गईं सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपया बताई जा रही है। इस बाबत थाना प्रभारी रुकुम पाल सिंह का कहना है कि घटना की तहरीर मिली है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# ग्रामीण क्षेत्र की मेधा को निखार देने मे पं. रामकिशोर का योगदान प्रेरणास्पद : प्रमोद तिवारी

## सीडब्ल्यूसी मेंबर ने शिक्षामनीषी को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षा जगत के पुरोधा एवं पूर्व प्राचार्य पं. रामकिशोर मिश्र की स्मृति मे सोमवार को इटौरी मे उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने स्व. मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



इटौरी गांव मे शिक्षामनीषी रामकिशोर को पुष्पांजलि अर्पित करते प्रमोद तिवारी।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. रामकिशोर मिश्र का कालजयी व्यक्तित्व जिले मे शिक्षा के परिवेश को सुदृढ़ बनाने मे सदैव यादगार रहेगा। प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्व. मिश्र ने एक कुशल शिक्षक एवं एक कुशल प्राचार्य के रूप मे जहां ग्रामीण क्षेत्र की मेधा के निर्माण मे अप्रतिम योगदान दिया। वहीं प्रमोद तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय मिश्र का सामाजिक सरोकारों को रचनात्मक दिशा देने मे भी मिले योगदान को प्रतापगढ़ सदैव संजो कर रखेगा। स्मृति कार्यक्रम का संयोजन बैंक आफ बडौदा ग्रामीण के पूर्व प्रबन्धक अनिल मिश्र व आभार प्रदर्शन शिक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्र ने किया। रूरल बार एसोशिएसन के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्राचार्य भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. सौरभ मिश्र, डा. वीरेन्द्र मिश्र, दयाशंकर पाण्डेय, डा. ज्ञानेन्द्र नाथ त्रिपाठी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र व विकास मिश्र आदि मौजूद रहे।

## बदमाशों ने टाइनी शाखा संचालक से की लूटपाट

**प्रतापगढ़।** कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरीपुर गांव निवासी टाइनी शाखा संचालक को कंधई थाना क्षेत्र के झम्मन का पुरवा गांव के पास नकाबपोश बदमाशों ने तमंचा सटाकर टाइनी शाखा संचालक से मोबाइल, नकदी, लैपटाप व मोटरसाइकिल की चाभी लेकर फरार हो गये। हल्ला-गुहार मचने पर आसपास के लोग दौड़े लेकिन तब तक बदमाश भाग चुके थे। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस छानबीन कर रही है।

## जमीनी विवाद में दबंगों ने महिला सहित पांच को पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भुसहर गांव मे विपक्षी द्वारा विवादित भूमि में निर्माण कर रहे थे दूसरे पक्ष के लोगों ने जाकर रोका तो विपक्षी ने पांच लोगों को मारपीट कर लहूलुहान किया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के भुसहर गांव निवासी गोकुल प्रसाद पुत्र भगवानदीन का जमीनी विवाद मनोज पुत्र बैजनाथ से चल रहा था गोकुल प्रसाद का आरोप है कि निमार्णाधीन भूमि पर न्यायालय से स्थगन आदेश पारित है। इसके बावजूद भी पड़ोसी लोग दबंगई के बल पर निर्माण कर रहे थे। रोकने के लिए जब गोकुल प्रसाद गए तो उन्होंने निर्माण नहीं रुकेंगा। इसी बात पर आक्रोशित होकर गोकुल प्रसाद सुशीला पत्नी ओम प्रकाश, सविता पत्नी सत्य प्रकाश, सुनीता पत्नी सूर्य प्रकाश, इंद्रावती पत्नी लक्ष्मण को लाठी-डंडों से जमकर मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया। पीड़ित पक्ष कोतवाली आकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## भगवान आदिनाथ का मनाया गया मोक्ष कल्याणक

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के बाबागंज स्थित मंदिर में जैन धर्म के पहले तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पहले सुबह भगवान का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। उसके बाद सामूहिक आरती की गयी और समाज के लोगों ने भगवान का पूजन अर्चन किया और मोक्ष का लड्डू भी चढ़ाया। भगवान आदिनाथ को माघ कृष्ण चतुर्दशी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी यह दिन जैन बंधुओ के लिए बड़ा ही खास होता है। इस दौरान रतन जैन, संजू जैन, आनंद जैन, मिश्री लाल जैन, अशोक जैन, अरविंद जैन, रवि जैन, नगीना जैन, सिताब देवी, राखी जैन, मंजू, पूनम, मीना, गिन्नी, मीनाक्षी, आशा जैन आदि मौजूद रहे।



भगवान आदिनाथ का कलशाभिषेक करते अनुयायी।

## खबर संक्षेप

### तलरी में चल रही शराब भट्ठी पुलिस मौन

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मखदुमपुर पुलिस चौकी अंतर्गत तलरी ग्राम सभा में अमृतलाल के संरक्षण में लंबे समय से अवैध तरीके से शराब बनाने की भट्ठी संचालित हो रही है कई बार ग्रामीणों ने थाना पुलिस से अवैध शराब भट्ठी की जानकारी दी लेकिन अमृतलाल की शराब भट्ठी नहीं बंद हो सकी है थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारी और आबकारी पुलिस अवैध शराब भट्ठी संचालकों पर कार्यवाही की बड़ी-बड़ी बात कर रहे हैं लेकिन नाम बताए जाने के बाद भी यदि आरोपी पर कार्यवाही नहीं हो रही है तो स्थानीय पुलिस की भूमिका के साथ-साथ आबकारी निरीक्षक की भी भूमिका सवालों के घेरे में है आखिर शराब भट्ठी के संचालन में स्थानीय पुलिस और आबकारी इंस्पेक्टरों को कितने रुपए महीना की रकम मिलती है इस बात की चर्चा भी जन-जन की जुबान में है एक तरफ थाना पुलिस से लेकर पुलिस अधिकारी और आबकारी अधिकारी अवैध शराब भट्ठियों पर कठोर कार्यवाही की बात कर रहे हैं लेकिन तलरी के अमृतलाल के घर कई वर्ष से चल रही अवैध शराब भट्ठी ने पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है।

# नामांकन के दृष्टिगत बैरिकेडिंग सहित अन्य तैयारियों का डीएम एसपी ने लिया जायजा



व्यवस्था का निरीक्षण करते डीएम एसपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नामांकन के दृष्टिगत बैरिकेडिंग सहित अन्य तैयारियों का लिया जायजा एवं दिये आवश्यक दिशा निर्देश है जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु दिनांक 01 फरवरी 2022 से शुरू हो रहे नामांकन के दृष्टिगत किये जा रहे बैरिकेडिंग सहित अन्य कार्यों की तैयारियों का निरीक्षण कर विस्तृत जायजा लिया एवं सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने नामांकन कक्षों का भी निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिये निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने कार्यो एवं बूथों की भली-भॉति रक्खे जानकारी : डीएम



जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक करते डीएम

**कौशाम्बी।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को एक बार और जनरल एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे वे अपने कार्यों को और कुशलता एवं सुगमतापूर्वक सम्पादित कर सकें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी सुजीत कुमार ने जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि आप लोगो को एक बार पुनः जनरल एवं ई0वी0एम0 का प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि आप लोग मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी को ई0वी0एम0 के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल समाधान सुगमतापूर्वक कर सकें। उन्होंने कहा कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने कार्यों एवं बूथों की भली-भॉति जानकारी रखें। उन्हांने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी, लापरवाही पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# बहला फुसलाकर नाबालिंग बालिका के साथ रेप

अखंड भारत संदेश

**मुकदमा दर्ज कराए जाने के लिए 10 दिन से पुलिस की चौखट में फरियाद कर रहे हैं पीड़ित बालिका के परिजन**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के धमसेड़ा गांव की एक गरीब नाबालिग बालिका को 20 जनवरी को बहला फुसलाकर घर से गांव का एक युवक कानपुर भगा ले गया और उसके साथ कई दिनों तक कुकर्म किया परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दिया जिस पर पांच दिनों बाद बालिका को गांव के बाहर छोड़कर युवक फिर गायब हो गया 10 दिन से लगातार परिजन पुलिस की चौखट पर मुकदमा दर्ज कराए जाने की फरियाद कर रहे हैं थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक परिजनों ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है लेकिन 10 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी के विरुद्ध मुकदमा नहीं दर्ज हुआ है बालिका का मेडिकल चेकअप और मजिस्ट्रेट के सामने बयान भी पुलिस ने नही कराया है। बताते चले कि नाबालिग बालिका को ले जाने के बाद युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भरकर शादी करने का ढोंग भी किया है इतना ही नही बालिका की मांग में सिंदूर भरने के बाद बालिका की फोटो भी सोशल मीडिया में युवक द्वारा शेयर की जा रही है परिजनों का आरोप है कि आरोपियों और उनके परिजनों द्वारा लगातार तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है और तहरीर वापस ना लेने पर बार-बार गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है जिससे पीड़ित पक्ष भयभीत है पीड़ित पक्ष का कहना है कि स्थानीय पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है और पुलिस बार बार समझौते के बहाने मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रही है सोमवार को फिर बालिका के परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं और रिमांडर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# डायट प्राचार्य हुए सेवानिवृत्त डायट स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश



मोमेंटो देकर डायट प्राचार्य को सम्मानित करते शिक्षक

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के प्राचार्य स्वराज भूषण त्रिपाठी सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वराज भूषण त्रिपाठी का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा उन्होंने अपने कार्यकाल में जनपद की शिक्षा व्यवस्था को उत्तरोत्तर गति दी। अपनी विदाई पर संबोधित करते हुए स्वराज भूषण त्रिपाठी ने कहा कि व्यक्ति जिस क्षेत्र में रहे वहां पर अपनी भूमिका का पूर्ण ईमानदारी के साथ करता है तो यह भी राष्ट्र की सेवा है। विदाई समारोह में समस्त स्टाफ ने स्मृति चिन्ह देकर कर स्वराज भूषण त्रिपाठी को विदा किया।इस अवसर पर डायट के प्रवक्ता डॉ अनिरुद्ध श्रीवास्तव, डॉ संदीप कुमार तिवारी, डॉ अरमा देवी, नरेन्द्र कुमार, डॉ कौशलेंद्र मिश्र, नीतीश कुमार यादव, धीरज यादव, देवेश सिंह यादव ,देवेंद्र कुमार मिश्र,सुरेश मिश्र,डॉ वंदना सिंह राजेंद्र कुमार, अशोक सिंह,विपिन कुमार, अनामिका शर्मा, स्वेता त्रिपाठी, शबनम सिद्धिकी, सबीह मुस्तफा ओम दत्त त्रिपाठी,सुनील कुमार शुक्ला, डॉ दिलीप कुमार तिवारी, ओम प्रकाश सिंह,बलराम त्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी विदाई

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों बलदेव प्रसाद कमलेश कुमार व नरेंद्र कुमार सिंह को पुष्प माला पहनाकर एवं अग वस्त्र भेट कर ससम्मान विदाई दी गयी।

# सरकार की वादाखिलाफी से किसान यूनियन नेताओं ने किया धरना प्रदर्शन



धरना प्रदर्शन करते किसान नेता

अखंड भारत संदेश

**डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन भेजते हुए किसानों पर दर्ज मुकदमे को वापस लिए जाने की किसान नेताओं ने की मांग**

**कौशाम्बी।** किसानों के लंबे समय तक चले आंदोलन के बाद केंद्र सरकार किसानों के मांगों को मानने को मजबूर हुई और उसने तीन काले कानून की वापसी की घोषणा करते हुए किसानों की तमाम मांगें मान ली लेकिन उसके बाद सरकार ने कहा था कि किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस होंगे जो अभी तक वापस नहीं किया गया है जिससे किसान फिर आक्रोशित हो उठा और भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष नुरुल इस्लाम के नेतृत्व में किसान जनपद मुख्यालय की सड़कों पर धरना प्रदर्शन नारेबाजी सभा करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देते हुए समस्याओं के समाधान की मांग की है किसानों ने कहा है कि सरकार अपने वादे से मुकर गई है जो किसानों के साथ धोखा है किसानों ने कहा कि सरकार को याद दिलाने की जरूरत है कि वह अपने वादे को पूरा करें वरना किसानों के पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं होगा।

## न्यूज झरोखा

### अलग-अलग थानों से शराब के साथ तेरह अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** अलग अलग थानों द्वारा 180 लीटर अवैध शराब के साथ 13 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर उनका चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त खन्ना पुत्र लल्लू निवासी शीतापुर थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व राम बली पुत्र महादेव निवासी आलमचन्द्र थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व अशोक कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी सुखवा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व चांद बाबू पुत्र दुर्गा यादव निवासी अंधावा थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व अखिलेश कुमार पुत्र मोती लाल उर्फ अशर्फी लाल निवासी बालकमऊ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व श्याम लाल पटेल पुत्र स्व0 राम अधार निवासी नादिरगंज थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अवधेश कुमार पुत्र जीतलाल निवासी मकनपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व राम सरोज पुत्र स्व० भइया लाल निवासी रतगवां थाना चरवा जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त बलराम निषाद पुत्र सीताराम निषाद निवासी घोधपुरवा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व जगत पाल पासी पुत्र सवल पासी निवासी अजरौली थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइम्सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुरेन्द्र उर्फ गुबुदी पुत्र जवाहर लाल निवासी सरैया थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व सविता देवी पत्नी राजेश सरोज निवासी कैमा थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र शिवमंगल निवासी उसरैना थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### पूर्व जिला सचिव बसपा के पिता का निधन

**कौशाम्बी।** पूर्व जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी धर्मेन्द्र कुमार तक्षक के पिता खेल्लनराम का निधन दिनांक 31 जनवरी की शाम? को करीब 5,30 बजे हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार दिनांक 01 फरवरी को समय 11:00 बजे तरीपर ग्राम पंचायत गौरा नियर समदा के पास किया जाएगा बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष गौतम ने कहा कि आप सभी बहुजन समाज पार्टी के समर्थक साथियों से सादर अनुरोध है की आप उनके अंतिम संस्कार में पहुंचकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने करें।

### इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 30 जनवरी 2022 को महेवाघाट पुलिस प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट थाना पश्चिम शरीरा से सम्बन्धित वाछित एवं पंद्रह हजार पुरस्कार घोषित अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ झुर्री पुत्र राधेश्याम गुप्ता निवासी मनकापुर थाना महेवाघाट को एक अदद नाजायज तमचा 12 बोर देशी 01 अदद जिन्दा कारतूस व 02 अदद खोखा कारतूस 12 बोर के साथ डक्शरीरा नहर पुलिया के पास बहद ग्राम डक्शरीरा से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

### अवैध चापड के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त हंसराज गौतम पुत्र स्व० रामलाल निवासी भदवा थाना कोखराज को वाहन चेकिंग के दौरान बम्हरौली नहर पुलिया के पास से एक अदद अवैध चाकू/चापड़ के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### जुआ खेलते चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पुलिस द्वारा चार अभियुक्तों पप्पू पुत्र कल्लू वीरेन्द्र पुत्र सूरजबली हसन आलम पुत्र मुराद अली सन्तलाल पुत्र रामगोपाल निवासीगण रजईपुर थाना कौशाम्बी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पत्ते व 4800 रुपए मालफड तथा जमातलासी के दौरान 1500 रुपए बरामद कर कार्यवाही की गई।

# विवाहिता के साथ लगातार मारपीट बीच-बचाव करने पहुंचे भाई को भी पीटा

अखंड भारत संदेश

**विवाहिता का आरोप कि उसे घर के भीतर बंधक बनाकर भोजन पानी भी ससुराली जन बंद कर देते हैं**

**बेरूवा कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव की मीना देवी पुत्री धारा सिंह यादव की 9 वर्ष पूर्व में चरवा थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी चंद्रशेखर यादव पुत्र रामचंद्र यादव के साथ शादी हुई थी लेकिन आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट करना गाली गलौज करना उसे प्रताड़ित करना ससुरालियों की आदत बन गई थी कई बार विवाहिता ने परिजनों को मामले की जानकारी दी जिस पर पंचायत होकर के मामले में सुलह समझौता हुआ लेकिन ससुरालियों की आदत नहीं सुधर सकी और विवाहिता को लगातार प्रताड़ित किया जाता रहा आरोप है कि ससुराली जनों ने विवाहिता को बंधक बनाकर घर के भीतर रख लिया है किसी से मिलने नहीं देते भोजन नहीं देते हैं किसी तरह विवाहिता ने अपने मायके भाई कमलाकांत यादव को फोन से सूचना दी जिस पर कमला कांत यादव बहन के ससुराल पहुंचा जहां उसके साथ भी मारपीट की गई है मामले में कमलाकांत ने पुलिस को सूचना यह सोचकर नहीं थी कि किसी तरह बहन की जिंदगी संवर जाए लेकिन फिर दोबारा उसकी बहन को बंधक बनाकर मारपीट शुरू कर दी गई भोजन पानी बंद कर दिया गया जानकारी मिलने पर दोबारा उसका भाई फिर बहन के ससुराल पहुंचा यहां दोबारा उसके साथ मारपीट की गई है लगातार मारपीट से और बहन के साथ अत्याचार से पीड़ित होकर मीना देवी के भाई कमला कांत यादव ने थाना पुलिस को तहरीर दे कर मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की है।

# दल बदलू नेताओं से चायल को बचाना होगा : सुशील जय हिंद

अखंड भारत संदेश

**सुशील जय हिंद ने कहा कि दलबदलू नेता जो करोड़ों रुपए खर्च करके टिकट लेकर प्रत्याशी बनकर आपके बीच में आएंगे वह लोग आपको सिर्फ लूटने के अलावा कुछ नहीं करेंगे**



ग्रामीणों से संपर्क करते प्रत्याशी सुशील जय हिंद

**कौशाम्बी।** जय जवान जय किसान मंच के संयोजक समर्थ किसान पार्टी के चायल विधानसभा से उम्मीदवार सुशील जय हिंद ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के टिकरा महगांव नरवल पट्टी शोभना आदि गांव में कोविड के नियम को ध्यान में रखते हुए जनसंपर्क अभियान जारी रखा सुशील जय हिंद ने जनता से अपील की है कि जो लोग 5 साल तक आप को लूटते हैं आज फिर वह दल बदल कर पार्टी बदल कर आपके सामने तरह तरह के ड्रामा करने के लिए आ रहे हैं आप लोग जातिवाद और दल बदलू नेताओं से अलग हटकर किसानों की बात करने वाले मजदूरों को साथ लेकर चलने वाले ऐसे प्रत्याशी का चयन करें जो सदैव आपके सुख दुख में खड़ा रहे।

उन्होंने कहा कि मैं समर्थ किसान पार्टी का उम्मीदवार हूं और किसानों की हर समस्याओं के लिए हर समय तैयार खड़ा रहता हूं किसानों की कोई भी समस्या होगी हम उनका पूरा साथ देंगे उन्होंने कहा कि मजदूरों की कोई समस्या होगी हम उसका पूरा साथ देंगे हम आपके हैं आप मेरा साथ दीजिए आपकी परेशानी हर एक परेशानी में आपकी हर समस्या में आपके साथ खड़ा रहूंगा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दलबदलू नेता जो करोड़ों रुपए खर्च करके टिकट लेकर प्रत्याशी बनकर आपके बीच में आएंगे वह लोग आपको सिर्फ लूटने के अलावा कुछ नहीं करेंगे जनसंपर्क अभियान में देवराज पाल दीनानाथ पाल विपिन पटेल राजू दिवाकर ठाकुर तेजवीर हर्ष त्रिपाठी धनंजय कुशवाहा विवेक आकाश चौहान विकास चौहान पोखरज तिवारी सिफाईलाल सुरेंद्र पासी लव कुश बाल अतुल शुक्ला व अन्य साथियों ने साथ दिया और सुशील जय हिंद को चुनाव जिताने की अपील की।

# अधूरी सड़क बनाकर पूरा बजट निकाल ले गए ठेकेदार !

अखंड भारत संदेश

**लोक निर्माण विभाग में मची लूट के पीछे सवालों के घेरे में अधिकारियों की भूमिका**

**भरवारी कौशाम्बी।** लोक निर्माण विभाग में अधूरी सड़क बनाकर पूरा बजट निकाल लिए जाने का मामला फिर सामने आया है लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी दोषी ठेकेदार और विभागीय जूनियर इंजीनियर पर अभी तक मुकदमा दर्ज करा कर सड़क निर्माण की रकम की वसूली की कार्यवाही अधिषासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने नही शुरू की है जिससे उनकी भी भूमिका सवालों के घेरे में है लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अधूरी सड़क निर्माण कर पूरी रकम निकालने वाले अधिकारियों के कारनामों की जांच कराते हुए सरकारी रकम वसूली और दोषी ठेकेदार और अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। गौरतलब है कि चायल तहसील के बेरुआ स्थित इंग्लिश मीडियम स्कूल सेंट फ्रांसिस के सीमा क्षेत्र में सड़क निर्माण के नाम पर 68 लाख रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था लेकिन इस सड़क का निर्माण अधूरा करने के बाद भी 68 लाख रुपए का बजट अवमुक्त कर दिया गया है मौके पर सड़क गड्ढो मे दिख रही है जिससे सड़क के गड्ढे में गिरकर स्कूली बच्चे आएदिन चोटिल हो रहे है ऐसे में अपने अपने बच्चो को स्कूल में पढ़ा रहे अभिभावकों में जबरदस्त आक्रोश ब्याप्त है बताते चले कि विधायक निधि से लगभग दो किलोमीटर चार सौ मीटर लंबी सड़क बननी थी जिसको कॉलेज के प्रबंध तंत्र की मांग पर विधायक चायल संजय गुप्ता ने सड़क को नए शिरे से बनवानी शुरू करवाई जिसको लोकनिर्माण विभाग को अपने विधयाक निधि से लगभग दो किलोमीटर चार सौ मीटर की सड़क बनवाने के लिए निधि से 68 लाख रुपये से बनने की मंजूरी दे दिया। जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा स्कूल की सीमा के बाहर तक ही सड़क बना कल 68 लाख रुपए की रकम विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर सरकारी खजाने से निकाल ली अधूरी सड़क बनने के बाद पूरा बजट निकल जाने के बाद भी अभी तक मामले में विभाग के अधिकारियों ने जांच शुरू नहीं कराई है जिससे अधिकारियों की भी भूमिका सवालों के घेरे में है ग्रामीणों ने अधूरी सड़क पर पूरा भुगतान के मामले में जांच कराए जाने की मांग शासन प्रशासन के कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# केशव को प्रत्याशी बनाए जाते ही मैदान छोड़कर भागे राजेश कुशवाहा

अखंड भारत संदेश

**चुनाव से पहले मैदान छोड़ कर भागे जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशी**

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू विधानसभा से जन अधिकार पार्टी के बाबू सिंह कुशवाहा ने पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कौशांबी राजेश कुशवाहा को मंच से पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया था लेकिन जैसे ही भारतीय जनता पार्टी ने सिराथू विधानसभा से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को भाजपा प्रत्याशी घोषित किया है पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुशवाहा को अपनी हैसियत का अंदाजा हो गया है और राजेश कुशवाहा ने सिराथू विधानसभा से चुनाव ना लड़ने का मन बना लिया है जन अधिकार पार्टी के नेताओं का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुशवाहा पार्टी के साथ धोखेबाजी कर रहे हैं और वह चुनाव मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए हैं हालांकि कौशांबी जिले के मतदाताओं के बीच जन अधिकार पार्टी के प्रत्याशियों की मजबूत पकड़ नहीं है जिससे कौशांबी जिले के विधानसभा चुनाव में जन अधिकार पार्टी का खाता खोलना संभव नहीं लगता है। सिराथू विधानसभा से चुनाव से प्रत्याशी मैदान छोड़कर पहले ही भाग लिए हैं काफी दिनों से सिराथू विधानसभा में चर्चा का विषय बना हुआ था की मौर्या के सामने जन अधिकार पार्टी से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव लड़ेंगे लेकिन नामांकन की तारीख से एक दिन पहले ही मैदान छोड़ दिए है जिससे जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के विरुद्ध काफी आक्रोश है सिराथू विधानसभा से प्रत्याशी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मैं चुनाव नहीं लडूंगा और कुछ बोलने को तैयार नहीं है कि मैं किस लिए चुनाव नहीं लडूंगा जब पार्टी के कार्यकताओं ने जानने की कोशिश की तो उनको बताना उचित नहीं समझा इसलिए पार्टी कार्यकताओं से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने बात नहीं की सिराथू विधानसभा की जनता कह रही है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या के बढ़ते जनाधार से डर के मारे मैदान छोड़ दिए हैं लेकिन जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं का कहना है कि कुछ दाल में काला जरूर है जिस लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया कार्यकताओं ने जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय मे बात करते हुए सारी बातों को वहां तक रखा अब सिराथू विधानसभा का नेतृत्व राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा किया जाएगा अब प्रत्याशी जन अधिकार पार्टी के गठबंधन का होता है या जन अधिकार पार्टी का पार्टी का होगा जन अधिकार पार्टी के कार्यकताओं का कहना है कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने हमारे साथ विश्वासघात किया है।

### दर्जन भर लफंगे विरोध करके क्या डिप्टी सीएम की सीट पर बनेंगे खतरा

**जन सामान्य के बीच लोकप्रिय केशव प्रसाद मौर्य के विरोध में साजिशन खड़े किए जा रहे लफंगे**

कौशाम्बी विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू विधानसभा सीट से डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद विरोधी इस कदर बौखला गए हैं कि वह लफंगो को कुछ रुपए देकर के डिप्टी सीएम के लोगों के प्रचार में विवाद की स्थिति उत्पन्न कर रहे हैं विरोधियों की मंशा है कि डिप्टी सीएम के लोग उनसे विवाद करें और लफंगे समाज को यह बताएं कि डिप्टी सीएम के लोग झगड़ा लड़ाई कर रहे हैं रविवार को डिप्टी सीएम के कुछ लोग प्रचार करने के लिए अफजलपुर वाली गांव की ओर गए थे यहां सुनियोजित तरीके से एक दर्जन से कम लोगों ने डिप्टी सीएम मुदार्बाद का नारा लगाना शुरू कर दिया राजनीति में हमेशा से पाटीबंदी होती आई है और चुनाव में खड़े प्रत्याशी को उनके समर्थक मतदान करते हैं किसी को कम मत मिलता है और किसी को अधिक मत मिलकर वह विजई घोषित हो जाता है लेकिन सिराथू सीट पर डिप्टी सीएम के बढ़ते लोकप्रियता से बौखलाए विपक्षियों ने प्रायोजित तरीके से अफवाह फैलाने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है लेकिन यह जनता है सब कुछ जानती है और इस तरह विपक्षी दलों के प्रायोजित कार्यक्रमों के जरिए विरोध की भावना को जनता बखूबी समझ रही है।

## संपादक की कलम से

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग गैरकानूनी....?

**देश** की सबसे बड़ी अदालत में हाल ही में एक वरिष्ठ वकील द्वारा एक याचिका दायर की गई है जिसमें माननीय न्यायालय से अनुरोध किया गया है कि देश में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन द्वारा जो मतदान प्रक्रिया पूरी करवाई जा रही है, वह पूर्णतः गैर-कानूनी है, क्योंकि इस प्रक्रिया को संसद से कानूनी मान्यता मिली ही नही है और संसद ने इस सम्बंध में कोई कानून पारित ही नही किया है, इसलिए मांग की गई है कि चुनाव की इस प्रक्रिया पर तत्काल बंदिश लगाई जाए एवं मतपत्रों की पुरानी प्रक्रिया से ही चुनाव करवाये जाऐ, याचिका में यह भी मांग की गई है कि अगले माह जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे है, उनमें भी इलेक्ट्रॉनिक मशीनों के उपयोग पर बंदिश लगाई जाये।

इस याचिका को देखकर स्वयं सर्वोच्च न्यायालय अचम्भित है, क्योंकि आजादी के बाद से अब तक विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के उपयोग की शुरूआत से लेकर अब तक इस पर कानूनी रूप से विचार नही किया, किंतु अब यह याचिका मिलने के बाद सर्वोच्च न्यायालय ने भी इस मसले पर गौर करने का आश्वासन दिया है।

सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील एम.एल. शर्मा ने अपनी याचिका में कहा है कि जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 61ए जो इवीएम के इस्तेमाल की अनुमति देती है, को आज तक संसद ने पारित नहीं किया है, इसलिए इस कानून को लागू नहीं किया जा सकता, याचिका में जनप्रतिनिधित्व कानून के इस प्रावधान को अमान्य, अवैध और असंवैधानिक घोषित करने की मांग की गई है, साथ ही इस प्रक्रिया के द्वारा अब तक सम्पन्न चुनावों की वैधानिकता पर भी गंभीर विचार करने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमन की अध्यक्षता वाली पीठ में दायर इस याचिका पर माननीय न्यायालय ने विचार की स्वीकृति प्रदान करते हुए कानूनी रूप से गंभीर चिंतन कर फैसला देने का याचिकाकर्ता को आश्वासन दिया है।

# कल्याण सिंह को पद्म विभूषण के राजनीतिक निहितार्थ

-मृत्युंजय दीक्षित-

**अयोध्या** में श्रीराम मंदिर के लिए अपनी सरकार को भी दांव पर लगा देने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को मरणोपरांत पद्म विभूषण का जो सम्मान मिला है, उससे समस्त रामभक्तों और अयोध्या आंदोलन से जुड़े रहे प्रत्येक व्यक्ति को बहुत ही गर्व और आनंद की अनुभूति हो रही है। वास्तव में स्वर्गीय कल्याण सिंह का सम्मान सम्पूर्ण हिंदू सनातन संस्कृति का सम्मान है। उनका राजनीति में ऊँचा कद होने के साथ साथ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को स्थापित करने में महती भूमिका भी थी। चूँकि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश में विधनसभा चुनाव की बयार है और सभी दल अपने तरकश के तीरों को मजबूती दे रहे हैं, और ऐसे समय में कल्याण सिंह को पदम विभूषण से सम्मानित करने के राजनीतिक निहितार्थ भी तलाशे जाने लगे हैं। कल्याण सिंह बड़े कद के नेता थे और उनका प्रदेश की कई विधानसभा सीटों पर गहरा प्रभाव रहता था। राजनीतिक विश्लेषक अनुमान लगा रहे हैं कि भाजपा ने कल्याण सिंह का सम्मान कर एक तीर से कई निशाने साधे हैं, जबकि सेकुलर व लिबरल लोगों को यह सम्मान खटक रहा है। ओबीसी या पिछड़ा वर्ग में आने वाले लोधों की रूहेलखंड के बरेली, बदायूं, रामपुर आदि और ब्रज क्षेत्र आगरा, अलीगढ़, एटा, हाथरस आदि की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है। भाजपा



हिंदुत्व के नायक कल्याण सिंह का सम्मान करके इन सभी क्षेत्रों में अपनी बढ़त बनाने का प्रयास करेगी। कल्याण सिंह की राज्य की कम से कम 20 फीसदी अपने समुदाय के माने जाने वाले आबादी पर मजबूत पकड़ थी। इन 20 फीसदी लोगों और 15 प्रतिशत सवर्णां के साथ मिलकर बीजेपी ने पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनायी थी। वोट बैंक के कारण आज हिंदू धर्म व हिंदुत्व के प्रति इतनी अधिक नफरत फैलायी जा रही है कि जब कल्याण सिंह का निधन हुआ, उस समय भी बहुजन समाज पार्टी को छोड़कर किसी भी अन्य दल की ओर से सामान्य औपचारिक शोक संदेश भी नहीं आया था। आज यही लोग सोशल मीडिया पर कल्याण सिंह का एक बार फिर अपमान कर रहे हैं। याद रखना होगा कि बहुत कम लोगों के पास अपने कार्यो के माध्यम से एक पूरी पीढ़ी को आकार देने की शक्ति होती है। कल्याण सिंह ने निश्चित रूप से अपनी उस शक्ति का प्रयोग किया था। सेकुलर -लिबरल लोग जिन्हें अयोध्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला तक रास नहीं आया, वे लोग आज भी कल्याण सिंह का विरोध कर रहे हैं। पत्रकार राजदीप सरदेसाई कह रहे हैं ," चूंकि हम छोटी यादों वाले देश हैं, यह मत भूलिए कि 1992 में जब बाबरी मस्जिद गिरायी गयी, तब कल्याण सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। आज उन्हें देश का दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला है।" सोशल मीडिया पर ऐसे ही कई तथाकथित धर्मनिरपेक्ष लगातार अपनी जहरीली और नफरत भरी भड़ास निकाल रहे हैं। वास्तविकता यह है कि कल्याण सिंह हिंदू हृदय सम्राट थे। कल्याण सिंह का व्यक्तित्व और उनके कार्यों को किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। "न खेद, न पश्चाताप न प्रायश्चित " यह शब्द थे यशस्वी कल्याण सिंह के जब उनसे प्रश्न हुआ कि, "क्या उन्हें बाबरी के विध्वंस पर पश्चाताप है।" यह सत्य भी था कि रामजन्मभूमि पर बनाई गई अवैध मस्जिद के टूटने पर कल्याण सिंह को एक प्रतिशत भी पश्चाताप नहीं था। कल्याण सिंह जी एक नेता नहीं बल्कि स्वयं में एक आंदोलन थे। वे लोकप्रिय व सर्वप्रिय नेता थे और उन्होंने कभी भी स्वयं को हिन्दुत्ववादी छवि से अलग नहीं किया। उन्होंने 6 दिसम्बर 1992 के दिन अयोध्या में कारसेवकों पर गोली चलवाने से साफ मना कर दिया और बाबरी मस्जिद की आखिरी ईंट गिरते ही अपनी सरकार का त्यागपत्र राज्यपाल को सौंप दिया। कल्याण सिंह की राजनीतिक यात्रा 1967 से अतरौली विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई और अपना पहला चुनाव जनसंघ से लड़ा और फिर दस बार विधायक व दो बार सांसद चुने गये। वह 1985 से 2004 तक विधायक रहे। वह 1977 से 79 तक प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री, 1980 में भाजपा के महामंत्री 1987 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बने। 24 जून 1991 से लेकर वह छह दिसम्बर 1992 तक प्रदेश के पहली बार मुख्यमंत्री रहे । वह 2004 से 9 तक लोकसभा सदस्य रहे। फिर 2009 में भी लोकसभा सदस्य रहे 2014 में लोकसभा से त्यागपत्र दिया और फिर राजस्थन व हिमांचल के राज्यपाल भी रहे। 1991 में प्रदेश में पहली बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और वे उसके मुखिया। भाजपा की यह सरकार राम मंदिर के ही नाम पर बनी थी और उसी पर वह सत्ता से विमुख भी हो गयी थी। फिर 1997 में भी कल्याण सिंह ने बसपा नेत्री मायावती के साथ मिलकर सरकार बनायी लेकिन राजनीतिक कारणों से वह अधिक दिनों तक नहीं चल सकी थी। कल्याण सिंह को केवल राम मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु उन्हें कई और कार्यों के लिए भी याद किया जायेगा। उन्हें प्रदेश में नकल विरोधी कानून बनाकर शिक्षा में शुचिता लाने, राजनीतिक दावपेंच में जगदम्बिका पाल की राजनीति को पटखनी देने तथा मंडल की राजनीति के शोर के समय कमंडल की राजनीति करते हुए भी पिछड़ों को अपने साथ जोड़े रखने के लिये याद किया जायेगा । यह कल्याण सिंह का ही प्रयास था कि आज पूरे भारत का पिछड़ा समाज भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ा है। मंडल कमीशन की आग को रोकने के लिए उन्होंने सामाजिक समरसता का फामूर्ला सुझाया था।

# वैचारिक शून्यता के शिकार 'सत्तालोभी व अवसरवादी' नेता

-तनवीर जाफरी-

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस को देश के उस इकलौते प्राचीन राजनैतिक संगठन के रूप में जाना जाता है जिसने स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाते हुये पराधीन भारत को स्वाधीनता दिलाई थी। महात्मा गाँधी से लेकर सुभाष चंद्र बोस,बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू,सरदार पटेल,मौलाना अबुल कलाम आजाद,खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान,जैसे अनेक महान नेता इसी कांग्रेस पार्टी के सम्मानित संस्थापक व सदस्य रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जहाँ स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद अर्थात अब तक 'सर्व धर्म समभाव ' जैसी सर्व समावेशी विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती आ रही है वहीं इसी देश में हिन्दू महासभा,मुस्लिम लीग,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, जैसे भी अनेक दल व संगठन सक्रिय रहे जिन्होंने कांग्रेस व गांधीवादी विचारधारा के विरुद्ध चलते हुये देश के लोगों को धर्म के नाम पर गोलबंद करने का काम शुरू किया। ऐसी शक्तियां अंग्रेजों के हाथों का खिलौना बन गयीं क्योंकि अंग्रेज भी 'बांटो और राज करो ' की इसी विभाजनकारी नीति पर चलते हुये ही विश्व के बड़े भूभाग पर शासन करते आ रहे थे। आज दुनिया के अनेक देशों ,में बन चुके कई अलग अलग देश, दुनिया के अनेक देशों में फैला धर्म के नाम का आतंक,देश प्रेम पर हावी होता धर्म प्रेम यह सब उसी अंग्रेजी सियासत के ही दूरगामी परिणाम हैं। परन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि अंग्रेजों की इस विभाजनकारी नीति को परवान चढ़ाने में सबसे बड़ी भूमिका मौकापरस्त,क्षणिक लाभ उठाने वाले,धन व सत्ता लोभी,विचार व सिद्धांत विहीन लोगों की रही है । कहा जा सकता है कि 'विरासत' में मिली इस 'वैचारिक शून्यता' व 'रीढ़ विहीनता' का सिलसिला न केवल आज तक जारी है बल्कि संभवतः यह भारतीय राजनीति के सबसे बड़े व 'दुर्भाग्यपूर्ण सत्य ' का रूप भी धारण कर चुका है। कहने को तो हमारे देश में अनेक राजनैतिक दल हैं जो दक्षिण पंथी,वाम पंथी,मध्य मार्गीय,व अनेक प्रकार की क्षेत्रीय विचारधाराओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। परन्तु प्रायः इन दलों के नेताओं में वैचारिक प्रतिबद्धता अथवा वैचारिक समर्पण नाम की कोई चीज बाकी नहीं रह गयी है। कौन सा 'गांधीवादी' कब गोडसेवादी बन जाये,कौन सा लोहियावादी अथवा समाजवादी कब दक्षिणपंथी बन जाये कुछ कहा नहीं जा सकता।इन नेताओं के 'वैचारिक पाला बदल' के कारण भी बताने के कुछ और व हकीकत में कुछ और ही होते हैं। मिसाल के तौर पर इन दिनों कांग्रेस के अनेक नेता दल बदल करते समय यह कहते सुने जा रहे हैं कि आज की कांग्रेस पहले वाली कांग्रेस नहीं रही,कोई कहता है कि कांग्रेस आत्महत्या कर रही है,कोई नेहरू-गाँधी परिवार पर पार्टी को मजबूत न कर पाने का आरोप लगा रहा है। परन्तु हकीकत तो यह है कि देश में धार्मिक ध्रुवीकरण की सफल राजनीति करने के बाद सत्ता में आने वाली भारतीय जनता पार्टी के समक्ष उन रीढ़विहीन व विचारविहीन नेताओं द्वारा समर्पण किया जा रहा है जो लंबे समय तक 'सत्ता सुख ' भोगे बिना नहीं रह सकते। जिन्हें अपने साथ साथ अथवा अपने बाद अपने बच्चों व परिजनों के लिये पार्टी प्रत्याशी के रूप में टिकट की गारंटी चाहिए। या जो कांग्रेस में रहते हुये स्वयं को उपेक्षित महसूस कर रहे थे,अथवा जो अपना जनाधार समाप्त कर चुके थे। कांग्रेस दरअसल हमेशा ही अपने ही 'विभीषणों ' से कमजोर हुई है। जितनी बार कांग्रेस विभाजित हुई,देश का कोई अन्य दूसरा दल विभाजित नहीं हुआ। परन्तु कांग्रेस में पूर्व में कामराज, ब्रह्मानंद रेड्डी,नारायण दत्त तिवारी,अर्जुन सिंह,जी के मूपनार,जगजीवन राम व हेमवती नंदन बहुगुणा आदि नेताओं के समय काल के पार्टी विभाजन काफी हद तक पार्टी की अपनी मूल धर्मनिरपेक्ष विचारधारा को भी साथ लेकर चल रहे थे। तभी इन नेताओं ने या तो गांधीवादी विचारधारा युक्त अपने अलग राजनैतिक संगठन बनाये या फिर आगे चल कर पुनः कांग्रेस में ही विलय कर गये। परन्तु कल तक गाँधी की हत्या का शोक मनाने वाले आज हत्यारे गोडसे का गुणगान करने वालों की पंक्ति में जा खड़े होंगे, यह संभवतः हमारे ही देश की अवसरवादी व विचारविहीन राजनीति का दुर्भाग्य है। कल तक देश को गांधीवादी विचारधारा वाला धर्म निरपेक्ष राष्ट्र बनाने का सपना देखने वाले आज हिन्दू राष्ट्र निर्माण के अग्र योद्धा बन जायेंगे इस बात की उम्मीद किसी भी विचार व सिद्धांतवादी राजनीतिज्ञ से तो हरगिज नहीं की जा सकती। और इसी सन्दर्भ से जुड़ी दूसरी सबसे बड़ी सच्चाई यह भी है कि आज जो भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष पार्टियां भाजपा को सत्ता से हटाने के लिये गोलबंदी कर रही हैं दरअसल इन्हीं दलों के अनेक नेता ही आज इन परिस्थितियों के जिम्मेदार भी हैं। भाजपा अथवा संघ आज सत्ता में अपने बल बूते पर कतई नहीं हैं।

बल्कि विभिन्न तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों व उनके नेताओं ने ही कांग्रेस विरोध के नाम पर तो कभी सत्ता की मलाई खाने के चलते समय समय पर भाजपा से गठबंधन कर उसे मजबूती प्रदान करते आये हैं। और आज जब इन्हीं 'विभीषणों ' की बदौलत भाजपा ने पूर्ण बहुमत की सत्ता हासिल कर ली है तो अब यही थाली के बैंगन इनसे वैचारिक व सैद्धांतिक लड़ाई लड़ने के बजाये स्वयं ही 'गिरगिट' बनने में अपना ' उज्जवल राजनैतिक भविष्य' तलाश रहे हैं।

# मौत के सौदागरः हिमाचल में जहरीली शराब से मौतों का गुनहगार कौन?

-नरेन्द्र भारती-

**हिमाचल** में जहरीली शराब से मौतों का गुनहगार कौन है ।यह एक यक्ष प्रशन बन गया है। छोटी काशी मंडी के सलापड़ व कांगू में शराब माफिया ने चंद पैसों के लालच के लिए 7 लोगों की जिदंगियां लील ली हैं ।मौतों का आंकड़ा बढता ही जा रहा है। सस्ती व अवैध संतरा फूल्स शराब से हुई मौंतों के इन मौत के इन सौदागरों को सरेआम चैराहे पर सजा देनी चाहिए ।सात घरों के मुखिया मौत की नींद सुला दिए ।चार लोगों को गिरफतार कर लिया है। अभी भी सात लोग जिदंगी की जंग लड़ रहे हैं। शराब माफिया की बजह से बच्चे अनाथ हो गए ।माथे का



सिंदूर मिट गया ।जल्लादों पर हत्या का मूकदमा दर्ज करना चाहिए ताकि आने वाले समय में ऐसे प्रकरणों पर रोक ले सके ।सात घरों में मातम छाया हुआ है ।मौत का सामान बेचने वालों को आजीवन कारावास देना चाहिए ताकि तिल तिल मर सके ।शहरों से लेका गांव तक यह कारोगार फैलता जा रहा है। देवभूमि में ऐसे मामलों की कल्पना भी नहीं की जा सकती पर यह खुलेआम हो रहा है। देवभूमि के नाम से विख्यात हिमाचल आज कुख्यात बन गया है ।शराब माफिया के सुत्रधारों को बेनकाब करना होगा ।सस्ती शराब के चक्कर में सात लोगों की जिदंगी लेने वाले इन जल्लादों का फांसी पर लटकाना चाहिए ।सरकार को इन मौतों पर संज्ञान लेना होगा। पुंलिस सक्रीय हो गई है ।पुलिस ने कारवाई करते हुय 51 पेटियों को पकडा.है। हमीरपुर के पनियाला गांव में एसआइटी ने 400 पेटी शराब पकडी है। शराब माफिया को नेस्तनाबूद करना होगा ।चंद शराब माफिया के लोगों की काली करतूतों के कारण देवभूमि की साख मिटटी में मिलती जा रही है। प्रदेश पुलिस ने नशें के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है फिर भी यह लोग बेखौफ होकर अवैध व जहरीली शराब के कारोबार को अंजाम दे रहे है ।गली चोराहों में शराब का कारोबार खुलेआम हो रहा है पुलिस को छापामारी करके इन अवैध शराब का कारोबार करने वालाके पा शिंकजा कयाना होगा ।शराब माफिया के मगरमच्छों पर सर्जिकल स्टाईक करनी होगी तभी यह जहरीली शराब का बढ़ता हुआ साम्राज्य तबाह करना होगा। शराब का कारोबार करने वाले अवैध फैक्टरियों पर छापामारी करनी चाहिए ।छोटी-छोटी मंछलियां तो हर रोज पकडी. जा रही है मगर मगरमच्छ हाथ नहीं आते है ।मगरमच्छों को पकड़ना होगा ।चरस का कारोबार करने वाले रातों-रात अमीर बननें के चक्कर में इन काले धंधों में आकर अपना

भविष्य दाव पर लगा रहे हैं। शराब माफिया के बढते कदम प्रदेश की युवा पीढी की विनाश की इबारत लिख रहे है ।माफिया के लोग युवाओं का जीवन तबाह कर रहे है ।अवैध व नकली शराब माफिया निरकुंश होता जा रहा है इस पर अंकुश लगाना होगा ।प्रदेश में प्रतिदिन बड़ी-बड़ी खेपें बरामद की जा रही है ।शराब का यह कारोबार बढ़ता ही जा है ।हर साल हजारों लोग पकड़े जा रहे है ।शराब के मामलों में बेतहासा वृद्वि होती जा रही है ।शराब माफिया के सूत्रधारों को बेनकाब करना होगा क्योकि पुलिस की पकड़ में तो छोटी-छोटी मछलियां ही आती हैं जबकि बडे मगरमच्छ तो कम ही जाल में फंसते है ।हिमाचल में शराब-माफिया का चक्रव्यूह बढ़ता जा रहा है इस चक्रव्यूह को तोड़ना होगा यदि लापरवाही बरती तो चारों तरफ मौत के सौदागरों का साम्राज्य फैल जाएगा फिर पछताने के अलावा कुछ हासिल नहीं होगा। प्रदेश में हर वर्ष हजारों लीटर शराब पकड़ी जाती है जिसे पुलिस विभाग के लोग नष्ट कर देते हैं। शराब के मुख्य सरगनाओं को सार्वजनिक स्थानो पर सजा देनी चाहिए ।हिमाचल पुलिस को अपना अभियान पूरा वर्ष जारी रखना चाहिए ताकि इन पर शिकंजा कसा रहे ।

# साइबर अपराध की बढ़त

-सिद्धार्थ शंकर-

**भारत** सहित दुनियाभर में साइबर अपराध जिस तेजी से बढ़े हैं, उससे सरकारों की नींद उड ?ा लाजिमी है। सूचना तकनीक के मामूली जानकार अपराधी साइबर थानों से लेकर डिजिटल विशेषज्ञों तक को हर मामले में छका दे रहे हैं। इसका प्रमाण हाल की वह घटना है जिसमें कुछ युवाओं ने मुस्लिम महिलाओं की ऑनलाइन नीलामी का ऐप बना कर साइबर जगत में उनकी बदनामी की कोशिश की। इन मामलों में जिन युवाओं की धरपकड़ हुई है, उनके बारे में मिली जानकारियां साइबर विशेषज्ञों और समाजशास्त्रियों को यह सोचने के लिए विवश कर रही हैं कि आखिर क्यों साइबर अपराध हमारे युवाओं को इस तरह अपनी ओर लुभा रहे हैं कि वे सही-गलत का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। जब से महामारी ने दुनिया को अपनी गिरफ्त में लिया है, साइबर अपराधियों की मानो लाटरी निकल आई है। चूंकि कोरोना काल में खरीदारी, पढ़ाई से लेकर ज्यादातर आर्थिक



गतिविधियां बरास्ता इंटरनेट कंप्यूटर नेटवर्क के जरिए संपन्न हो रही हैं, ऐसे में उनमें सेंध लगाने के खतरे उतने ही बढ़ गए हैं। इस बारे में वैश्विक विश्लेषण अमेरिका की वेरिजान बिजनेस कंपनी ने किया। कंपनी ने मई 2021 में तैयार रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष 2021 में दौरान 88 देशों, बारह उद्योगों और तीन विश्व क्षेत्रों में फैले दायरे में 29 हजार इंटरनेट सुरक्षा संबंधी घटनाओं का विश्लेषण किया। इस विश्लेषण के आधार पर दुनिया भर में डाटा उल्लंघन यानी डिजिटल सेंधमारी के सवा पांच हजार मामले दर्ज किए गए। डिजिटल सेंधमारी में एक किस्म है फिशिंग की, यानी बैंकों के क्रेडिट कार्ड आदि की जानकारी चुरा कर रकम उड़ा लेना। दूसरी किस्म है- रैंसमवेयर यानी फिरौती की। इसमें लोगों, कंपनियों के कंप्यूटर नेटवर्क पर साइबर हमला कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया जाता है और इसके बदले में भारी-भरकम फिरौती वसूली जाती है। विश्लेषण में पता चला है कि पिछले साल की तुलना में फिशिंग में 11 फीसद और रैंसमवेयर में छह फीसद की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा मुश्किल उन लोगों के लिए है ।

# प्रयास तो बहुत हो रहे हैं, मगर आसान नहीं है युवा मतदाताओं को लुभाना

-डॉ. सुभाष गुप्ता-

**विधानसभा** चुनावों की घंटी बजने के बाद तमाम तरह के जोड़तोड़ सामने आये हैं। अधिकांश प्रमुख दलों के उम्मीदवारों की सूचियां जारी हो रही हैं। इस सबके बीच निर्वाचन आयोग के फैसलों के मद्देनजर राजनीतिक दल चुनाव प्रचार में वर्चुअल माध्यमों का उपयोग कर रहे हैं। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है, जब मतदान के पहले चरण के इतना नजदीक आने के बाद भी सियासी दल भीड़ जुटाने की कवायद में नहीं जुटे हैं। चाहे या अनचाहे फिलहाल तो रैलियों की जगह डिजीटल मीडिया से काम चलाया जा रहा है। बिल्कुल उसी तरह जैसे लॉकडाउन के दौरान आम लोगों ने बाजार की चाट की जगह घर की दाल रोटी से काम चलाया था। चुनाव के प्रचार का अंदाज ही नहीं बदला है, बल्कि नेताओं के ह्यटारगेट कस्टमरह्ण यानि येन केन प्रकारेण जिन्हें लुभाना है, वे भी बदले-बदले से नजर आते हैं। ये चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं कि नई उम्र के मतदाताओं की संख्या काफी हो गई है। इस चुनाव में पांचों राज्यों में ऐसे मतदाताओं की तादाद 24.9 लाख है, जो पहली बार वोट डालेंगे। इनके अलावा युवा कहे जा सकने वाले मतदाताओं की भी एक बड़ी संख्या है। अकेले उत्तराखंड में करीब 57 प्रतिशत युवा मतदाता हैं और उ.प्र. में यह संख्या लगभग 26 प्रतिशत है। राजनीतिक दलों के रणनीतिकार जानते हैं कि युवाओं को पकी हुई उम्र के तमाम मतदाताओं की तरह आसानी से कोई मीठी या कड़वी गोली देकर अपने पक्ष में करना आसान नहीं है। वोटर की उम्र और विचारों में आया अंतर गहरी राजनीति समझ रखने वालों की बेचैनी का कारण भी बन रहा है।

हर चुनाव में वोट डालतेह्डालते उम्र के पायदान चढ़ने वाले मतदाताओं से युवा मतदाताओं की सोच एकदम अलग है। अधिकांश युवा किसी के परम्परागत वोटर तो नहीं ही हैं। यह नई पीढ़ी चाशनी में लिपटे शब्दों की मिठास और लुभावने वादों से कहीं ज्यादा अहमियत तर्कों और नतीजों को देती है। केवल नारे और वायदे सुनकर सुनहरे कल के दिवास्वपन में खो जाने की उम्मीद तो ऐसे वोटरों से अनुभवी राजनेताओं को भी नहीं ही होगी।

# गांधीजी की बातों का होता था जादुई असर

-योगेश कुमार गोयल-

**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी जीवनपर्यन्त देशवासियों के लिए आदर्श नायक बने रहे। स्वतंत्रता आन्दोलन में उनके अविस्मरणीय योगदान से तो पूरी दुनिया परिचित है। अहिंसा की राह पर चलते हुए भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गांधी जी ने अपनी स्पष्टवादिता और अहिंसक विचारों से पूरी दुनिया को प्रभावित किया था। उन्हीं के द्वारा दिखलाए मार्ग पर चलते हुए लाखों-करोड़ों भारतीय देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बने थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं। इन्हीं में कुछ ऐसे प्रसंग भी सामने आते हैं, जब उनकी बातें सुनकर उनके सम्पर्क में आए व्यक्ति का हृदय परिवर्तन हो जाता था। दरअसल, लोगों के दिलोदिमाग पर उनकी बातों का जादू सा असर होता था। गांधी जी एक बार सरोजिनी



नायडू के साथ बैडमिंटन खेल रहे थे। श्रीमती नायडू के दाएं हाथ में चोट लगी थी। यह देख गांधी जी ने भी अपने बाएं हाथ में ही रैकेट पकड़ लिया। श्रीमती नायडू का ध्यान जब उस ओर गया तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ीं और कहने लगीं, "आपको तो यह भी नहीं पता कि रैकेट कौनसे हाथ में पकड़ा जाता है?" बापू ने जवाब दिया, "आपने भी तो अपने दाएं हाथ में चोट लगी होने के कारण बाएं हाथ में रैकेट पकड़ा हुआ है और मैं किसी की भी मजबूरी का फायदा नहीं उठाना चाहता। अगर आप मजबूरी के कारण दाएं हाथ से रैकेट पकड़कर नहीं खेल सकतीं तो मैं अपने दाएं हाथ का फायदा क्यों उठाऊं?" आजादी की लड़ाई के दिनों में गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा, "इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके।" एक बार गांधी जी चम्पारण से बेतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए।

# आईएसएल : डूबती नैया को बचाने के लिए संघर्ष करेंगे गोवा और ओडिशा




**गोवा।** एफसी गोवा जानती है कि उसके हाथ से समय निकला जा रहे हैं और हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में उसकी डूबती नैया को अगामी मैच में जीत कुछ हद तक थामेगी। लेकिन मंगलवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में उसका सामना ओडिशा एफसी के रूप ऐसे प्रतिद्वंदवी होगा, जो अपने अभियान को जीत की पटरी पर वापस लाने के लिए दृढ़ संकल्प है। गोवा पिछले चार मैचों से जीत से दूर है और 14 मैचों में 14 अंक लेकर तालिका में नौवें स्थान पर है। कोच डेरिक परेरा की टीम अपने पिछले मैच में आकर्षक फुटबाल खेलने के बावजूद जमशेदपुर से हार गई थी। परेरा जानते हैं कि जीत की राह पर चलने के लिए उनके लड़कों मिलने वाले अवसरों को भुनाना होगा। अगर गोवा को प्लेऑफ में जगह बनानी है तो उसे अभी से मैच जीतने शुरू करने पड़ेंगे लेकिन उसके प्रतिद्वंद्वी ओडिशा की स्थिति भी समान है। ओडिशा 13 मैचों में पांच जीत और दो ड्रा से 17 अंक लेकर तालिका में आठवें स्थान पर है। गोवा के लिए गोल नहीं करना एक बड़ी समस्या रही है, क्योंकि उसने सीजन में अन्य टीमों की तुलना में स्कोरिंग के अवसर बहुत बनाए और ज्यादा शॉट लगाने के प्रयास किए हैं। जमशेदपुर के खिलाफ पिछले मैच में गोवा के तीन शॉट गोलपोस्ट या क्रॉसबार में लगे, जो कि इस सीजन के मैच में सबसे ज्यादा है। कोच परेरा ने कहा, "हमारा इरादा हमेशा तीन अंक हासिल करना होता है और हम लड़ते रहेंगे। हम कभी हार नहीं मानेंगे।" उधर, ओडिशा पिछला मैच हारने के बावजूद गोल कर रही है और देर से गोल करने की क्षमता से कोच किनो गार्सिया को खुश होना चाहिए। क्रिस्टियान जोनाथस भी पिछले मैच में गोल करने वालों में शामिल थे और वो इस सीजन में मैच के अंतिम 15 मिनट में ओडिशा का नौवां गोल था। जोनाथस चार गोल कर चुके हैं और केवल अरिदाई कैबरेरा (5) ने ओडिशा के लिए उनसे अधिक गोल किए हैं। गार्सिया ने कहा, "पिछले मैचों में हम अच्छा खेल रहे हैं। हम जीते नहीं या फिर अंक प्राप्त नहीं कर पाए लेकिन हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा था। सकारात्मक बात यह है कि टीम ने उन चीजों को आजमाने में बहादुरी दिखाई है जिनकी ट्रेनिंग हमने की है। हम गेंद अपने नियंत्रण में रख करके ज्यादा मौके बनाने की कोशिश कर रहे हैं। तो खिलाड़ियों का रवैया अच्छा है। यह एक कड़ा मुकाबला होगा। गोवा उस स्थान के लायक नहीं है, जहां वो है। वो काफी अच्छा खेल रही है।"

# आईएसएल : बेंगलुरू ने रोका केरला ब्लास्टर्स का विजय रथ

**गोवा।** केरला ब्लास्टर्स का 10 मैचों से अपराजित रहने का सिलसिला आखिरकार रविवार रात टूट गया और इसे तोड़ा बेंगलुरू एफसी के लेफ्ट बैक रोशन नाओरम की बेहतरीन लेफ्ट फुटर किक ने। उनके एकमात्र गोल की मदद से बेंगलुरू ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 में केरला ब्लास्टर्स को 1-0 से हरा दिया। वास्को डे गामा स्थित तिलक मैदान स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में बेहतरीन डिफेंडिंग और एकमात्र गोल करने के लिए रोशन को हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया। अपनी पांचवीं जीत से कोच मार्को पेजैउओली की टीम ने तीन स्थानों की छलांग लगाकर शीर्ष चार में जगह बना ली है। बेंगलुरू 14 मैचों में केरला ब्लास्टर्स के बराबर 20 अंक जुटाकर तालिका में सातवें से चौथे स्थान पर पहुंच गई है। उसने पांच मैच जीते हैं और पांच ड्रा खेले हैं। वहीं, केरला ब्लास्टर्स इस हार के बावजूद गोल औसत के आधार पर तीसरे स्थान पर बनी हुई है। केरला 12 मैचों में पांच जीत और पांच ड्रा से 20 अंक जुटा चुकी है। दूसरी हार से सर्बियाई कोच इवान वुकोमैनोविक के ब्लास्टर्स का अपराजय रहने का सुनहरा सफर टूट गया। वहीं, बेंगलुरू के अपराजित रहने का सिलसिला आठ मैचों तक पहुंच गया है। मैच का एकमात्र गोल दूसरे हाफ में आया। जब 56वें मिनट में मिली एक फ्री-किक को डिफेंडर रोशन नाओरम ने बेहतरीन लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गोल में तब्दील कर दिया और बेंगलुरू एफसी 1-0 से आगे हो गई। बेंगलुरू को यह अवसर उस समय मिला जब बॉक्स के ठीक बाहर केरला के मिडफील्डर ललथथांगा खलहरिंग पुइतिआ ने मिडफील्डर दानिश फुरूख के खिलाफ फाउल कर दिया।

# यूपी योद्धा का अगला लक्ष्य बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ जीत हासिल करना



**बेंगलुरु।** पीकेएल खेलने वाली जीएमआर समूह की अपनी फ्रेंचाइजी, यूपी योद्धा 1 फरवरी को बेंगलुरू बुल्स के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबले में जीत के लक्ष्य के साथ उतरेगी। वर्तमान में अंक तालिका में 7वें स्थान पर काबिज योद्धाओं का सामना दूसरे स्थान पर मौजूद बेंगलुरु बुल्स से है । यह मैच न केवल इस सीजन में यूपी योद्धा के लिए प्ले-ऑफ के सपनों को जीवित रखने के नजरिये से महत्वपूर्ण होगा बल्कि दो लगातार हार के बाद उनके खोये हुए आत्मविश्वास को ऊपर उठाने में भी मदद करेगा। अभी तक सुरेंद्र गिल यूपी योद्धा के लिए स्टार खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने कई मौकों पर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और टीम को बचाया है। उनके साथी रेडर प्रदीप नरवाल और श्रीकांत जाधव के अच्छे समर्थन के साथ उनके प्रदर्शन की काफी ज्यादा सराहना की जा रही है।

यूपी योद्धा हालांकि आत्मविश्वास के साथ मैट पर उतरेगा क्योंकि पिछली बार जब दोनों टीमें आपस मे भिड़ी थीं, तो योद्धा ने बुल्स को 42-27 से रौंदा था। रेडर श्रीकांत जादव उस मैच के स्टार खिलाड़ी थे जिन्होंने सुरेंद्र गिल(5 अंक), सुमित(4 अंक) और नितेश कुमार (3 अंक) के सहयोग से अकेले 15 अंक प्राप्त किये थे। पीकेएल के इतिहास में दोनों टीमें दस बार 3के दूसरे के सामने आई हैं जिसमें योद्धा की चार बार जीत और छह बार हार हुई है। इस मैच में योद्धा, पुनेरी पलटन के खिलाफ मिली 38-44 की हार के बाद मैच में उतरेंगे, जबकि बेंगलुरु बुल्स, तमिल थलाइवाज पर 42-24 की करारी जीत के दम पर योद्धाओं से भिड़ेंगे। मैच से पहले यूपी योद्धा के मुख्य कोच जसवीर सिंह ने कहा, ह्लप्ले-ऑफ के अपने सपनों को जीवित रखने के लिए आगामी मैच हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले 2 मैचों में हुई गलतियों और कमियों को दूर करने के लिए लड़कों ने काफी अधिक मेहनत की है । बेंगलुरू बुल्स लीग स्टैंडिंग में बेहतर स्थिति में है लेकिन हम 5 अंकों के साथ गेम को खत्म करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे।"

# इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर टिम ब्रेसनन ने पेशेवर क्रिकेट से लिया संन्यास



**वारविकशायर।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर टिम ब्रेसनन ने पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उनके काउंटी क्लब वारविकशायर क्रिकेट ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। 36 वर्षीय ब्रेसनन ने पिछले साल अप्रैल में अपनी वारविकशायर कैप प्राप्त की थी और वह बल्ले और गेंद के महत्वपूर्ण योगदान के माध्यम से टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए। वारविकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब (डब्ल्यूसीसीसी) के अनुसार, ब्रेसनन ने एक बयान में कहा, "यह एक अविश्वसनीय रूप से कठिन निर्णय रहा है, लेकिन शीतकालीन प्रशिक्षण में लौटने के बाद मुझे लगता है कि यह सही समय है। मैंने अपने 21वें पेशेवर वर्ष की तैयारी के लिए पूरे ऑफ-सीजन में कड़ी मेहनत करना जारी रखा है, लेकिन गहराई से मुझे लगता है कि मैं उन उच्च मानकों तक नहीं पहुंचता जो मैंने खुद को और अपने साथियों को निर्धारित किया है।" उन्होंने कहा, "मैं जिस खेल से प्यार करता हूं, उसके लिए मेरे पास जो भूख और उत्साह है, वह मुझे कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन मेरा शरीर 2022 सीजन के लिए तैयार नहीं है।" उन्होंने कहा, "मैं हमेशा अपने करियर को बड़े गर्व के साथ देखूंगा। वारविकशायर और देश का प्रतिनिधित्व करना एक पूर्ण सम्मान की बात है। बड़े होकर मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के साथ और कुछ बेहतरीन क्रिकेटरों के खिलाफ खेल सकूंगा।"

# 129वीं बटालियन सीआरपीएफ की क्रिकेट प्रतियोगिता संपन्न

**कोकराझार (असम)।** कोकराझार जिला शहर के भोटगांव स्थिति सीआरपीएफ की 129वीं बटालियन के मुख्यलय में चल रहे खेलों की श्रृंखला में आज क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया।

फाइनल मैच में सीआरपीएफ की 129वीं मुख्यालय तथा 129वीं (सी) की टीमों के बीच खेला गया। कांटे की टक्कर में मुख्यालय की टीम 18.4 ओवर में 161-4 रन बनाकर विजयी रही। मुख्यालय के सिपाही एसयू लश्कर ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर ट्राफी पर अपना कब्जा बनाया। फाईनल मैच जीतने वाली टीम एवं रनरअप रही टीम को मुख्य अतिथि सीआरपीएफ की 129वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अजय द्विवेदी द्वारा ट्राफी भेंट की गई। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार भी भेंट किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन बहुत ही हर्षोल्लाष के साथ हुआ।अजय द्विवेदी ने समापन कार्यक्रम में अपने संबोधन में बताया कि खेल हमारे व्यक्तिगत और व्यक्तित्व विकास के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। यह हमारे अंदर शारीरिक तंदुरूस्ती तथा टीम भावना के साथ-साथ मानसिक अनुशासन भी विकसित करता है। विभिन्न खेल गतिविधियां हमें मानसिक और शारीरिक मजबूती, टीम वर्क, निर्णय लेने और समस्या सुलझाने की क्षमता जैसे प्रमुख नेतृत्वकारी गुण प्रदान करते है।

# प्रीमियर लीग क्लब ब्रेंटफोर्ड एफसी ने क्रिश्चियन एरिक्सन के साथ किया करार




**लंदन।** प्रीमियर लीग क्लब ब्रेंटफोर्ड एफसी ने सोमवार को डेनिश मिडफील्डर क्रिश्चियन एरिक्सन के साथ करार किया है। 29 वर्षीय एरिक्सन ने चिकित्सा मूल्यांकन पूरा करने के बाद अपने करार पर हस्ताक्षर किए। वह 2022 सीजन के अंत तक क्लब में बने रहेंगे। क्रिश्चियन एक दशक से अधिक समय से यूरोपीय फुटबॉल के शीर्ष स्तर पर खेल रहे हैं। उन्होंने टोटेनहम हॉटस्पर के साथ प्रीमियर लीग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और इंटरनैजियोनेल में टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले सीजन में सीरी ए जीता था। क्रिस्टियन ने इंटर के लिए 26 मैच खेले हैं, इंटर ने 11 वर्षों में पहली बार मिलान की ओर से इतालवी लीग खिताब जीता। क्रिश्चियन एक दशक से अधिक समय तक डेनमार्क की टीम का मुख्य आधार रहे हैं। उन्होंने डेनमार्क के लिए 109 मैच खेले हैं और 36 गोल किए हैं। उनकी आखिरी उपस्थिति जून में कोपेनहेगन में यूईएफए यूरोपीय चैम्पियनशिप मैच में फिनलैंड के खिलाफ थी, जिसके दौरान क्रिश्चियन को कार्डियक अरेस्ट हुआ था। इसके बाद वह पिछले सात महीने से फुटबॉल से दूर रहे। क्रिश्चियन को ब्रेंटफोर्ड एफसी के मुख्य कोच थॉमस फ्रैंक अच्छी तरह से जानते हैं। क्रिश्चियन डेनमार्क की अंडर-17 टीम के लिए खेले, जब थॉमस उस ग्रुप के कोच थे। थॉमस फ्रैंक ने कहा, "मैं फिर से क्रिश्चियन के साथ काम करने की उम्मीद कर रहा हूं। पिछली बार मैंने उन्हें कोचिंग दी थी, और तब से अब तक बहुत कुछ हुआ है। क्रिश्चियन उस समय 16 वर्ष के थे और अब वह सर्वश्रेष्ठ मिडफील्ड खिलाड़ियों में से एक बन गए हैं। प्रीमियर लीग में दिखाई देते हैं। उन्होंने पूरे यूरोप में ट्राफियां भी जीती हैं और डेनिश राष्ट्रीय टीम के स्टार बन गए हैं।" उन्होंने कहा, "हमने एक विश्व स्तरीय खिलाड़ी को ब्रेंटफोर्ड लाने का एक अविश्वसनीय अवसर लिया है। उसने सात महीने प्रशिक्षण नहीं लिया है, लेकिन अपने दम पर बहुत काम किया है। वह फिट है लेकिन हमें उसे मैच के लिए तैयार करने की आवश्यकता होगी।"

# पीवीएल : अहमदाबाद डिफेंडर्स के कप्तान बने मुथुसामी अप्पावु




**हैदराबाद।** अहमदाबाद डिफेंडर्स ने सोमवार को प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के आगामी सत्र के लिए भारत के अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी मुथुसामी अप्पावु को अपना कप्तान नियुक्त किया है। पीवीएल का आगामी सीजन 5 फरवरी से शुरू होगा और फाइनल 27 फरवरी को होगा। टूनार्मेंट हैदराबाद के गाचीबोवली स्टेडियम में होगा। दिसंबर 2021 की नीलामी में अहमदाबाद डिफेंडर्स ने तमिलनाडु के तिरुवरूर के रहने वाले अप्पावु को 10 लाख रुपये में खरीदा था। अप्पावु ने 2018 में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया और भारत के विभिन्न यादगार जीतों का हिस्सा रहे, जिनमें अंडर-21 ब्रिक्स गेम्स 2018 (कांस्य पदक) और अंडर-23 एशियाई चैम्पियनशिप (रजत पदक), प्रमुख हैं, जहां उन्होंने सर्वश्रेष्ठ सेटर का पुरस्कार जीता। वह 2021 एशियाई पुरुष वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेनी वाली सीनियर भारतीय टीम का भी हिस्सा थे।

अप्पावु ने एक बयान में कहा, "प्राइम वॉलीबॉल लीग जैसे शीर्ष लीग में अहमदाबाद डिफेंडर्स फ्रैंचाइजी का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत गर्व और सम्मान की बात है। मुझे यह अवसर प्रदान करने और मुझ पर विश्वास दिखाने के लिए मैं मालिकों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को धन्यवाद देना चाहता हूं। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है और यह निश्चित रूप से मुझे एक कप्तान के रूप में टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करेगा।" उन्होंने कहा, "हमारे पास टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है, और हम सीजन के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हम टीम के लिए अपना 100 प्रतिशत देने के लिए उत्सुक हैं, और उम्मीद है कि हमारे पास आगे एक यादगार टूनार्मेंट होगा।" अहमदाबाद डिफेंडर्स के हेड कोच दक्षिणामूर्ति सुंदरसन ने कहा, "अप्पावु अपने कौशल के साथ-साथ बहुत सारे मूल्यवान अनुभव लाते हैं। वह एक स्वाभाविक नेता हैं, और हम उन्हें टीम के कप्तान के रूप में पाकर वास्तव में प्रसन्न हैं। हम उनके साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं, और हम सीजन के शुरू होने का और इंतजार नहीं कर सकते।" इस बीच, मुख्य कोच सज्जाद हुसैन मलिक ने कहा कि मुथुसामी के अनुभव और नेतृत्व गुणों ने उन्हें टीम के कप्तान के लिए आदर्श उम्मीदवार बनाया।

उन्होंने कहा, "मुथुसामी अपने अनुभव के कारण कप्तान के लिए एक आदर्श उम्मीदवार थे। वह ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास महान नेतृत्व गुण हैं, वह टीम में हर किसी को सुनते हैं और युवा साथियों का मार्गदर्शन करते हैं, और मुझे लगता है कि इन्हीं गुणों ने उन्हें एक महान नेता बना दिया।"

# 'रिकी पोंटिंग ने भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा का किया समर्थन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा का समर्थन किया है।

आईसीसी की वेबसाइट ने पोंटिंग के हवाले से कहा, "मैं मुंबई इंडियंस में था जब रोहित शर्मा ने वहां कप्तानी संभाली थी। मुझे उनका कप्तान बनने के लिए नीलामी में खरीदा गया था और दुर्भाग्य से, मैं पहले कुछ मैचों के बाद खुद को टीम में बनाए रखने में असफल रहा, इसलिए मुझे एक और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी को टीम में आने के लिए जगह बनानी पड़ी।" पोटिंग ने आगे कहा, "मालिक और टीम प्रबंधन जानना चाहते थे कि मुंबई इंडियंस में नेतृत्व संभालने के लिए मेरे विचार से कौन उपयुक्त खिलाड़ी होगा। मालिकों और अन्य कोचों द्वारा कुछ नाम दिये गए। लेकिन यह वास्तव में मेरे लिए स्पष्ट था कि केवल एक ही खिलाड़ी टीम का नेतृत्व कर सकता था और वह एक युवा लड़का था, जिसका नाम रोहित शर्मा था।" रोहित हैमस्ट्रिंग की समस्या के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला से चूक गए थे, लेकिन अब वह ठीक हो गए हैं और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सफेद गेंद की श्रृंखला में टीम का नेतृत्व करेंगे।

पोंटिंग ने कहा, "मुझे लगता है कि कप्तान बनने के बाद से रोहित ने मुंबई इंडियंस के लिए जो किया है, उसका परिणाम सबके सामने है। वह एक बहुत ही सफल कप्तान रहे हैं और उन्होंने कुछ मौकों पर भारत का नेतृत्व भी किया है। रोहित ने पिछले 2-3 वर्षों में टेस्ट क्रिकेट के साथ जो किया है, उसके बाद बहस करना काफी कठिन है। हम सभी जानते हैं कि रोहित एक सफेद गेंद के खिलाड़ी के रूप में कितने अच्छे हैं।" उन्होंने कहा, " भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान किये नियुक्त करना है, यह फैसला बीसीसीआई करेगा, जहां तक मेरा सवाल है तो मैं टेस्ट कप्तान के लिए रोहित के साथ जाना चाहूंगा।" अजिंक्य रहाणे और केएल राहुल के बारे में आगे बात करते हुए, पोंटिंग ने कहा, "ईमानदारी से कहूं तो, मैंने अजिंक्य के साथ काम किया है - वह सिर्फ एक महान व्यक्ति ही नहीं बल्कि एक अच्छा खिलाड़ी भी है।

# सचिन और लक्ष्मण ने रिकॉर्ड 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर राफेल नडाल को दी बधाई



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण ने रविवार को रिकॉर्ड 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने पर स्पेन के दिग्गज टेनिस स्टार राफेल नडाल को बधाई दी है। रॉड लेवर एरिना पर नडाल ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के खिताबी मुकाबले में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 2-6, 6-7(5), 6-4, 6-4, 7-5 से हराकर अपना 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। इस खिताबी जीत के साथ ही नडाल ने रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच को पीछे छोड़ते हुए सबसे अधिक पुरुष एकल ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। फेडरर और जोकोविच ने 20-20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।

सचिन ने ट्वीट किया, "यह बिल्कुल आश्चर्यजनक और शानदार है। 2 सेट से पिछड़ने के बाद बेहतरीन वापसी कर अपना 21 वां ग्रैंड स्लैम जीतना अविश्वसनीय है। बधाई राफेल नडाल।" भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने भी नडाल के ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी है।

# एएफसी विमेंस एशियन कप : फिलीपींस ने चाइनीज ताइपे को हराकर रचा इतिहास

**पुणे।** फिलीपींस ने पेनाल्टी शूटआउट के आधार पर चाइनीज ताइपे को 4-3 से हराकर रविवार रात यहां खेले जा रहे एएफसी विमेंस एशियन कप इंडिया 2022 के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। एक्स्ट्रा टाइम तक दोनो टीमें 1-1 की बराबरी पर थीं। यह फिलीपींस के लिए दोहरी खुशी का पल था। इस दक्षिण पूर्व एशियाई देश के लिए न सिर्फ एएफसी विमेंस एशियन कप के सेमीफाइनल में पहला प्रवेश था बल्कि उसने पहली बार फीफा महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई किया। सेमीफाइनल में फिलिपींस का सामना कोरिया से गुरुवार को होगा। उधर, फीफा विश्व कप खेलने की चाइनीज ताइपे की उम्मीदें इस बात पर कायम होगी कि वह तीन टीमों के प्लेऑफ में कैसा खेल दिखाता है, जिसमें से राउंड रोबिन प्रतियोगिता के टाप में आने वाली विश्व कप खेलेगी और बाकी दो टीमें इंटर-कंफेडरेशन प्लेऑफ में खेलेंगी। ग्रुप-ए और बी में दूसरे स्थान पर रहीं चाइनीज ताइपे और फिलीपींस की टीमों के बीच के मुकाबले में प्रतिस्पर्धा अच्छी देखी गई।

## कांगो में संरा विशेषज्ञों की हत्या के जुर्म में 50 से अधिक लोगों को मौत की सजा

**किंशासा।** कांगो में एक सैन्य अदालत ने संयुक्त राष्ट्र के जांचकताओं माइकल शार्प और जैदा कैटलान की कसाई प्रांत में हत्या के करीब पांच साल बाद तकरीबन 50 लोगों को मौत की सजा सुनायी है। कसाई ऑक्सीडेंटल मिलिट्री कोर्ट के अध्यक्ष ब्रिगेडियर जनरल जीन पाउलिन नत्शायोकोलो ने शनिवार को कहा कि 54 आरोपियों में से एक अधिकारी को आदेश का उल्लंघन करने के जुर्म में 10 साल की जेल की सजा सुनायी गयी और दो अन्य को बरी कर दिया गया। जिन लोगों को मौत की सजा सुनायी गयी है, वे उम्रकैद की सजा काटेंगे क्योंकि कांगो ने 2003 के बाद मौत की सजा पर रोक लगा दी है। अमेरिका के शार्प और स्वीडन की कैटलान की 12 मार्च 2017 को कसाई मध्य प्रांत में उस समय हत्या कर दी गयी थी जब वे क्षेत्र में सक्रिय मिलिशिया कामविना न्सापु के प्रतिनिधियों के साथ दौरे पर गए थे। संयुक्त राष्ट्र के ये दोनों विशेषज्ञ सुरक्षा परिषद की ओर से कसाई में हिंसा की जांच कर रहे थे। उनके शव दो सप्ताह बाद एक कब्र में मिले थे।

## कनाडा की राजधानी में कोविड-19 पाबंदियों व टीकाकरण की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शन

**ओटावा।** कनाडा की राजधानी ओटावा में शनिवार को हजारों लोगों ने टीकाकरण को अनिवार्य बनाने और कोविड-19 पाबंदियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने कोविड प्रतिबंधों की तुलना फासीवाद से की और कनाडा के झंडे के साथ नाजी प्रतीक प्रदर्शिति किए। कई प्रदर्शनकारियों ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को निशाना बनाते हुए उनकी तीखी आलोचना की। मॉन्ट्रियल से आए डेविड सेन्टोस ने कहा कि उसे लगता है कि टीकाकरण अनिवार्य करना स्वास्थ्य से संबंधित नहीं है बल्कि यह सरकार द्वारा चीजों को नियंत्रित करने का एक पैंतरा है। विरोध प्रदर्शन के आयोजकों ने सभी कोविड-19 पाबंदियों व टीकाकरण को अनिवार्य बनाने के फैसले को वापस लेने और प्रधानमंत्री ट्रूडो के इस्तीफे की मांग की।

## जापान के तट रक्षक ने की उ. कोरिया के मिसाइल परीक्षण की पुष्टि

**टोक्यो।** उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागा है। जापान के तट रक्षक ने बताया कि उत्तर कोरिया द्वारा जापान सागर की दिशा में दागी गयी बैलिस्टिक मिसाइल हालांकि पहले ही गिर चुकी है। इससे पहले दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी ने दक्षिण कोरिया के ज्वाइट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के हवाले से बताया था कि उत्तर कोरिया ने जापान सागर की ओर एक अज्ञात मिसाइल का परीक्षण किया है। वहीं जापानी तट रक्षक ने चेतावनी जारी की थी कि उ. कोरिया मिसाइल का परीक्षण कर सकता है और बाद में इस बात की पुष्टि की कि उ. कोरिया दागी गयी बैलिस्टिक मिसाइल गिर चुकी है। जापान के न्यूज चैनल एनएचके ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि जापानी रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने रविवार सुबह घोषणा की कि उ. कोरिया ने "शायद एक बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है।"

## आयरलैंड तट पर होने वाले नौसैना अभ्यास का स्थान बदलेगा रूस

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि वह पश्चिम देशों के साथ तनाव के बीच आयरलैंड द्वारा चिंताएं जताए जाने के बाद उसके तट पर होने वाले नौसैना अभ्यास के स्थान में परिवर्तन करेगा।

रूस का नाटो गठबंधन के विस्तार को लेकर पश्चिम देशों के साथ विवाद चल रहा है और पश्चिम देशों ने आशंका जतायी है कि रूस, यूक्रेन पर हमला करने की तैयारी कर रहा है।

यह अभ्यास अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में दक्षिण-पश्चिमी आयलैंड तट पर तीन से आठ फरवरी के बीच होना था।

आयरलैंड के विदेश मंत्री सिमोन कोवेने ने इस सप्ताह अभ्यास पर आपत्ति जताते हुए कहा, यूक्रेन में जो भी हो रहा है, उसे देखते हुए यह समय सैन्य गतिविधियां और तनाव बढ़ाने का नहीं है। वे पश्चिमी सीमाओं यानी आयरलैंड तट पर अभ्यास कर रहे हैं जो हमारी नजर में स्वागत योग्य नहीं है।

आयरलैंड में रूसी दूतावास ने शनिवार को राजदूत यूरी फिलातोव का एक पत्र फेसबुक पर पोस्ट करते हुए कहा कि मत्स्य गतिविधियों को बाधा नहीं पहुंचाने के उद्देश्य से अभ्यास का स्थान आयरलैंड के आर्थिक क्षेत्र से बाहर रखा जाएगा।

## अमेरिका के नेब्रास्का प्रांत में घर में आग लगने से तीन बच्चों की मौत

**पियर्स (अमेरिका)।** अमेरिका के नेब्रास्का प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में शनिवार को एक घर में आग लगने से तीन बच्चों की मौत हो गई। नेब्रास्का प्रांत के पियर्स कस्बे में तड़के करीब साढ़े तीन बजे आग लगी। नेब्रास्का स्टेट फायर मार्शल एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी एडम मैटजनर ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस हादसे में तीन लोग बचा लिए गए जबकि तीन बच्चों की मौत हो गयी। मृतक बच्चों की उम्र 17 साल, 15 साल और 12 साल बताई गयी है। उन्हें घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों के नामों की घोषणा नहीं की गयी है। बचाए गए तीन लोगों में से एक को अस्पताल में इलाज क बाद छुट्टी दे दी गयी। मैटजनर ने कहा कि आग लकड़ी से जलने वाले चूल्हे के कारण दुर्घटनावश लगी थी।

# अमेरिका में डेल्टा की बजाय ओमीक्रोन से ज्यादा मौत

**वाशिंगटन/जिनेवा।** विश्व में कोरोना के ओमीक्रोन वैरिएंट डेल्टा की तुलना में भले हल्का बताया जा रहा हो लेकिन अमेरिका में डेल्टा की तुलना में ओमीक्रोन से प्रतिदिन अधिक मौत हो रही है।

अमेरिका में पिछले एक दिन के भीतर 2,267 लोगों की मौत हुई है। दुनिया में बीते दिन जहां 34.12 लाख नए संक्रमितों की पहचान हुई वहीं इसी अवधि में 10,330 लोगों ने जान गंवाई है। अमेरिका में मृतकों की सात दिन की औसत संख्या में नवंबर के मध्य से बढ़ोतरी देखी जा रही है।

लिफोर्निया विश्वविद्यालय, इरविन में जन स्वास्थ्य प्रोफेसर एंड्रयू नोयमर ने कहा कि ओमीक्रोन के चलते हमें लाखों लोगों को खोना पड़ सकता है। इस बात पर चर्चा की जानी चाहिए कि हम क्या अलग कर सकते हैं और कितने लोगों को बचा सकते हैं।

अमेरिका फिलहाल नए संक्रमितों को लेकर 5.22 लाख मामलों के साथ दुनिया में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि फ्रांस 3.53 लाख मामलों के साथ दूसरे व ब्राजील 2.57 मामलों के साथ तीसरे नंबर पर बना हुआ है। दुनिया में पिछले दो वर्षों में कुल 37.08 करोड़ लोग संक्रमित हुए हैं और 56.69 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई है।



पाक में सक्रिय कोविड-19 मामलों ने जुलाई 2020 के बाद पहली बार एक लाख का आंकड़ा उस वक्त पार कर लिया जब देश में 7,963 मामले दर्ज किए गए। नेशनल कमांड एंड ऑपरेशन सेंटर (एनसीओसी) ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कुल 70,389 लोगों के परीक्षण के बाद 7,963 नए संक्रमित दर्ज हुए। देश में सक्रिय मामलों की संख्या 1,04,095 हो गई है।

सिंगापुर में ओमिक्रॉन के उप-स्वरूप बीए. 2 के 198 मामले मिले हैं। ये सब वैरिएंट बीए.1 के मुकाबले ज्यादा तेजी से फैल रहे हैं। अस्पतालों से जारी आंकड़ों के मुताबिक, इनमें से 150 मामले विदेशी मरीजों से आए हैं जबकि 48 मामले स्थानीय स्तर पर फैले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सिंगापुर में हर दिन कोरोना के हजारों मामले आने के बाद भी अस्पतालों की स्थिति सामान्य है।

डब्ल्यूएचओ ने चीनी विशेषज्ञों द्वारा पता लगाए गए नए वायरस न्याकोव को लेकर कहा है कि इस पर अभी और अध्ययन की जरूरत है। डब्ल्यूएचओ ने कहा, दक्षिण अफ्रीकी चमगादड़ों में पाया जाने वाला यह वायरस फिलहाल पशुओं में तेजी से फैल रहा है। लेकिन चीनी शोधकताओं ने निष्कर्ष दिया है कि यह भविष्य में इंसानों के लिए भी खतरनाक है। इस पर डब्ल्यूएचओ ने कहा कि इस वायरस के इंसानों पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर अभी और अध्ययन की जरूरत है।

## राजनियक संबंधों के 30 साल पूरे होने पर इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा : भारत के साथ 'गहरी दोस्ती'

**यरूशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने इजराइल के साथ संबंधों को लेकर अपने भारतीय समकक्ष नरेंद्र मोदी के बयान का स्वागत करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच गहरी दोस्ती है। बेनेट ने दोनों देशों के बीच सहयोग के अवसरों को अंतहीन बताते हुए शनिवार शाम को जारी एक विशेष वीडियो संदेश में जोर देकर कहा, इजराइल और भारत के बीच मजबूत संबंध हैं और समय के साथ-साथ ये और मजबूत होते रहेंगे।

इजराइल और भारत राजनयिक संबंधों की स्थापना के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं।

बेनेट ने कहा, एक बात है जो मैं भारत के सभी लोगों को बताना चाहता हूं। इजराइल और भारत के बीच गहरी दोस्ती है। हम इजराइल और भारत के बीच 30 साल पुराने राजनयिक संबंधों, 30 साल की अद्भुत साझेदारी, एक गहरे सांस्कृतिक संबंध और सैन्य एवं आर्थिक सहयोग का सम्मान करते हैं। भारत ने 17 सितंबर 1950 को इजराइल को मान्यता दी थी, लेकिन देशों के बीच पूर्ण राजनयिक संबंध 29 जनवरी 1992 को स्थापित हुए थे।

इजराइल के प्रधानमंत्री ने कहा, मैं अपने प्रिय मित्र, प्रधानमंत्री मोदी को उनके नेतृत्व और इस मजबूत दोस्ती के प्रति गहरी प्रतिबद्धता व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। हमारे देश आकार में भिन्न हो सकते हैं लेकिन हम बहुत कुछ साझा करते हैं, जिसमें हमारा समृद्ध इतिहास, हमारे लोगों की अंतर्निहित गर्मजोशी और हमारे अत्याधुनिक नवाचार व प्रौद्योगिकी शामिल है।

उन्होंने कहा, हम इजराइल और भारत के बीच राजनयिक संबंधों के 30 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम एक मजबूत साझेदारी, एक अविश्वसनीय रूप से गहरी दोस्ती और भविष्य की आशाओं का जश्न मना रहे हैं।

बेनेट ने हिंदी में लिखा, हम साथ मिलकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करते रहेंगे। इससे पहले, शनिवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने विशेष वीडियो संदेश में कहा था कि भारत और इजराइल के आपसी संबंधों को और आगे ले जाने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का इससे बेहतर समय कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि दुनिया में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों के मद्देनजर दोनों देशों के आपसी संबंधों का महत्व और बढ़ गया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इजराइल के साथ भारत की दोस्ती आने वाले दशकों में आपसी सहयोग के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी। मोदी ने कहा, हमारे लोगों के बीच सदियों से घनिष्ठ नाता रहा है। जैसा कि भारत का मूल स्वभाव रहा है, सैकड़ों वर्षों से हमारा यहूदी समुदाय भारतीय समाज में बिना किसी भेदभाव के एक सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहा है और पनपा है तथा उसने हमारी विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, आज जब दुनिया में महत्वपूर्ण परिवर्तन हो रहे हैं, भारत इजराइल संबंधों का महत्व और बढ़ गया है। आपसी सहयोग के लिए नए लक्ष्य रखने का इससे अच्छा अवसर और क्या हो सकता है, जब भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ इस वर्ष मना रहा है और इजराइल अगले साल अपनी स्वतंत्रता की 50वीं वर्षगांठ मनाने वाला है। भारत और इजराइल के बीच राजनयिक संबंधों की 30वीं वर्षगांठ पर बधाई देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विश्वास जताया कि भारत और इजराइल की दोस्ती आने वाले दशकों में आपसी सहयोग के नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

## अमेरिका के एक होटल में कॉर्बन मोनोऑक्साइड की चपेट में आने से सात लोग गंभीर रूप से बीमार

**मैरीसविले (अमेरिका)।** अमेरिका के ओहियो प्रांत के हैम्पटन इन होटल में शनिवार को घातक कॉर्बन मोनोऑक्साइड गैस की चपेट में आने से सात लोगों की हालत गंभीर हो गयी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार-पत्र द कोलंबस डिस्पैच की रिपोर्ट के मुताबिक कुल नौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से सात की हालत गंभीर बनी हुई है। मैरीसविले अग्निशमन विभाग के प्रमुख जे रिले ने अखबार को बताया कि कॉर्बन मोनोऑक्साइड के स्रोत का स्पष्ट रूप से पता नहीं चला है, लेकिन अस्पताल में भर्ती सभी लोग हादसे के समय होटल के ह्यपूलह्ल क्षेत्र में थे। जे रिले के मुताबिक पीड़ितों में बच्चे और वयस्क दोनों शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें दो साल की एक बच्ची के बारे में शनिवार शाम सूचना मिली कि वह होटल में या तो ह्यपूलह्ल में गिर गई थी या ह्यपूलह्ल में बेहोशी की हालत में मिली। मैरीसविले के पुलिस प्रमुख टोनी ब्रूक्स ने कहा कि जल्द ही अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिली जिन्होंने चक्कर आने व गले में जलन होने जैसे लक्षणों की शिकायत की। इस घटना के कुछ ही देर के भीतर होटल को खाली करा लिया गया। ब्रूक्स ने अखबार को बताया कि होटल से अस्पताल ले जाते समय सभी लोग जीवित थे और सात मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है।

## पीएम आवास को 20 हजार ट्रकों ने घेरा, जस्टिन ट्रूडो छिपना पड़ा, लगी 70 किमी लंबी लाइन

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, ट्रक चालकों को अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन लगवाने का आदेश देने के बाद मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। ट्रूडो के आदेश के विरोध में कनाडा की राजधानी ओटावा स्थित प्रधानमंत्री आवास को 50 हजार ट्रक चालकों ने 20 हजार ट्रकों के साथ चारों तरफ से घेर लिया। जिसके बाद से प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनके परिवार को गुप्त स्थान पर छिपना पड़ा है। इन ट्रक चालकों ने अपने करीब 70 किमी लंबे काफिले को 'फ्रीडम कान्वॉइ' नाम दिया है।ओटावा में शनिवार को हजारों की तादाद में जमा हुए ट्रक वालों ने अमेरिका की सीमा को पार करने के लिए वैक्सीन को अनिवार्य बनाए जाने का विरोध किया है। इससे पहले कनाडाई पीएम ने एक विवादित बयान देते हुए ट्रक वालों को 'महत्व नहीं रखने वाले अल्पसंख्यक' करार दिया था। इससे भी ट्रक वाले बुरी भड़के हुए हैं। आलम यह है कि राजधानी ओटावा जाने वाले रास्ते पर 70 किमी तक ट्रक ही ट्रक दिखाई दे रहे हैं।

**ट्रक चालकों को एलन मस्क का भी साथ**

उधर, ट्रक चालकों को दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क का भी साथ मिल गया है। मस्क ने ट्वीट करके कहा, 'कनाडाई ट्रक चालकों का शासन' और अब इस आंदोलन की गूंज अमेरिका तक देखी जा रही है। ये ट्रक वाले कनाडा के झंडे और 'आजादी' की मांग वाले झंडे लहरा रहे हैं। वे पीएम ट्रूडो के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। इस आंदोलन में ट्रक चालकों को हजारों अन्य प्रदर्शनकारियों का भी साथ मिल रहा है जो कोरोना प्रतिबंधों से गुस्साए हुए हैं।

## न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री ने खुद को किया आइसोलेट

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने खुद को कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद आइसोलेट कर लिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ये एक्सपोजर इवेंट 22 जनवरी को केरीकेरी से ऑकलैंड की उड़ान एनजेड8273 के दौरान हुआ था। इस उड़ान को स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर जोड़ा गया है।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रविवार को इस मामले के लिए संपूर्ण जीनोम सीक्वेसिग का अनुरोध किया गया है।

परिणाम से यह संकेत मिलने की उम्मीद है कि यह मामला कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन का है।

बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री में कोरोना के लक्षण नहीं है और वह अच्छा महसूस कर रही हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह के अनुसार, उनका रविवार को तुरंत टेस्ट किया जाएगा और मंगलवार तक उन्हें आइसोलेट कर दिया जाएगा।

न्यूजीलैंड की गवर्नर-जनरल सिंडी किरो और उनके स्टाफ के सदस्य भी बोर्ड में थे और वे सभी उसी निदेर्शों का पालन कर रहे हैं।

अर्डर्न और किरो वेटांगी डे प्रसारण के लिए वेतांगी नेशनल ट्रस्ट के निमंत्रण पर, वेटांगी संधि मैदान में अग्रिम फिल्मांकन करने के लिए नॉर्थलैंड में थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि न्यूजीलैंड में शनिवार को कोरोना के 97 नए मामले सामने आए। देश में महामारी की शुरूआत से अब तक कोरोना के 16,146 मामले दर्ज किए गए, जिसमें से 52 मौतें हुई हैं।

न्यूजीलैंड वर्तमान में कोरोना सुरक्षा ढांचे के तहत उच्च रेड सेटिंग्स पर है।

रेड सेटिंग्स में, कई इनडोर वातावरण में फेस मास्क अनिवार्य हैं और सभा 100 लोगों तक सीमित है।

## हाउतियों ने यमन की सेना के ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

**सना।** यमन के हाउती मिलिशिया ने कहा कि उसने दक्षिणपूर्वी प्रांत शबवा में यमन के सेना के ठिकानों पर एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसमें कम से कम 40 सैनिक मारे गए और घायल हो गए।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने शनिवार को हाउती सैन्य प्रवक्ता येह्या सरिया के हवाले से कहा कि मिसाइल ने उस्यालान जिले में सैनिकों की सभा को निशाना बनाया है।

हालांकि, एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि 40 पीड़ितों के हाउती के दावे को खारिज करते हुए, केवल 5 सैनिक मारे गए।

अधिकारी ने मिसाइल हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि 11 सैनिक भी घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मिसाइल सरकार समर्थक जायंट्स ब्रिगेड के एक सैन्य स्थल के पास उतरी।

उन्होंने कहा, हाउतिस सरकार समर्थक बलों को निशाना बनाने के लिए मिसाइलों का उपयोग कर रहे हैं, जिन्होंने शबवा और मारिब में हाइतियों के प्रमुख क्षेत्रों को दोबारा प्राप्त किया।

शनिवार का हमला हाउती मिलिशिया द्वारा 27 जनवरी को मारिब प्रांत में एक और बैलिस्टिक मिसाइल के हमले की जिम्मेदारी लेने के बाद आया है, जिसमें सात लोग मारे गए थे।

सरकारी सेना के खिलाफ घातक लड़ाई के बाद इस महीने दोनों तेल समृद्ध प्रांतों में कई रणनीतिक जिलों को खोने के बाद हाउतियों ने शबवा और मारिब पर मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं।

हाउतियों मिलिशिया ने सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के अंदर हवाई अड्डों और सुविधाओं पर सीमा पार बैलिस्टिक मिसाइल हमले भी शुरू किए, जिनमें से बाद में यमन की सेना का समर्थन करने वाले रियाद के नेतृत्व वाले अरब गठबंधन का एक प्रमुख सदस्य है।

## लेबनान के राष्ट्रपति ने संसदीय चुनाव में देरी के दावों को किया खारिज

**बेरुत।** लेबनान के राष्ट्रपति मिशेल औन ने पूर्व प्रधानमंत्री साद हरीरी के राजनीति से दूर जाने के फैसले के बाद संसदीय चुनावों में संभावित देरी के दावों का खंडन किया है। लेबनान के वरिष्ठ सुन्नी धर्मगुरु ग्रैंड मुफ्ती अब्दुल लतीफ डेरियन से मुलाकात के बाद औन ने कहा कि हम समय पर चुनाव कराने के लिए सभी जरूरी तैयारियां कर रहे हैं और मुझे इसमें देरी का कोई कारण नहीं दिखता। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हरीरी ने 24 जनवरी को घोषणा करते हुए कहा था कि वह राजनीतिक परिध्श्य में अपनी भागीदारी को निलंबित कर देंगे और आगामी संसदीय चुनावों में भाग नहीं लेंगे। पिछले कुछ दिनों में, 2022 के संसदीय चुनावों के लिए लेबनान में सुन्नी संप्रदाय द्वारा संभावित बहिष्कार के बारे में कई रिपोर्टें प्रसारित की गईं, जिससे मतदान में देरी होने का दावा किया गया। मैरोनाइट ईसाई राष्ट्रपति औन ने लेबनान की एकता और राजनीतिक विविधता को बनाए रखने में सुन्नी समुदाय द्वारा निभाई गई भूमिका पर जोर दिया और राष्ट्रीय और राजनीतिक जीवन में लेबनान के सभी घटकों की भागीदारी का आह्वान किया।

लेबनान में बदलाव और सुधार देखने की उम्मीद में अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने कई मौकों पर समय पर संसदीय चुनावों का आह्वान किया है।

## म्यांमार में कोरोना के मामले 535,080 हुए

**यांगून।** म्यांमार में शनिवार को कोरोना संक्रमणों की संख्या बढ़कर 535,080 हो गई है। ये जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने साझा की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विज्ञप्ति में कहा गया कि बीते 24 घंटों में 1.96 प्रतिशत की पॉजिटिविटी रेट के साथ 172 नए पुष्ट मामले सामने आए हैं। शनिवार को मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कुल मरने वालों की संख्या बढ़कर 19,310 हो गई है जबकि लगातार 6 दिनों तक कोरोना से कोई मौत नहीं हुई थी। अन्य 201 रोगियों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई है, जिससे ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 513,101 हो गई है और शनिवार तक कोरोना के लिए 63.3 लाख से ज्यादा कोरोना टेस्ट किए गए है। म्यांमार में मार्च 2020 में पहले दो कोरोना पॉजिटिव मामले सामने आए।

## यूक्रेन में कोरोना के मामले 40 लाख से ज्यादा हुए

**कीव।** यूक्रेन में शनिवार तक कुल 4,017,961 कोरोना मामले और 100,031 मौतें दर्ज की गई हैं, जबकि 3,615,257 मरीज कोरोना से ठीक हो चुके हैं। ये जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया, बीते 24 घंटे में, 37,351 लोग कोरोना पॉजिटिव हैं और 7,163 मरीज बीमारी से ठीक हुए हैं। यूक्रेन कोरोना महामारी की चपेट में आ गया है। पिछले दो हफ्तों में देश में कोरोना के कारण होने वाली मौतों और अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ रही है। मंत्रालय के अनुसार टीकाकरण अभियान शुरू होने के बाद से अब तक 1.53 करोड़ लोगों को कोरोना के खिलाफ टीका लगाया जा चुका है। यूक्रेन ने हाल ही में उन लोगों के लिए तीसरी कोरोना वैक्सीन बूस्टर शॉट की पेशकश शुरू की है जिन्होंने कम से कम 6 महीने पहले अपना दूसरा टीका प्राप्त किया था।

## सिंगापुर में कोरोना के 5,207 नए मामले सामने आए

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शनिवार को कोरोना के 5,207 नए सक्रिय मामले सामने आए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया, नए मामलों में से 1,732 मामलों का पता पीसीआर (पोलीमरेज चेन रिएक्शन) टेस्ट और 3,475 एआरटी (एंटीजन रैपिड टेस्ट) टेस्ट के माध्यम से लगाया गया।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

# उत्तर कोरिया ने 25 दिन में दागी सातवीं मिसाइल, 2000 किमी. की रेंज

**प्योंगयांग।** अमेरिकी पाबंदियों को ठेंगा दिखाते हुए उत्तर कोरिया ने 25 दिन में सातवीं मिसाइल दाग दी है। यह मिसाइल प्रक्षेपण अब तक का सबसे घातक प्रक्षेपण माना जा रहा है क्योंकि इस मिसाइल की रेंज 2000 किलोमीटर बताई गई है।

उत्तर कोरिया इस परीक्षण से पहले इस साल अब तक छह मिसाइल परीक्षण कर चुका था। उत्तर कोरिया ने छह जनवरी को पहला मिसाइल परीक्षण किया था। इसके बाद 11 जनवरी और 17 जनवरी को बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण किये गए थे। चार दिन पहले गुरुवार सुबह जापान सागर में दो बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। इसके बाद उत्तर कोरिया ने रविवार को 25 दिन के भीतर वर्ष 2017 के बाद की सबसे लंबी दूरी की मिसाइल का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जे-इन ने एक



आपातकालीन राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में आशंका जताई कि उत्तर कोरिया जल्द ही और बड़े परीक्षण कर सकता है। दक्षिण कोरिया और जापान की सरकारों की ओर से कहा गया कि उत्तर कोरिया ने मध्यम दूरी की बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। मिसाइल आसमान में 2000 किलोमीटर ऊपर तक गई। कोरिया के पूर्वी तट पर समुद्र में गिरने से पहले इसने 800 किलोमीटर की दूरी तय की। लंदन स्थित इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रेटजिक स्टडीज के रक्षा शोधकर्ता जोसेफ डेंपेसी ने कहा कि इस मिसाइल का दूरतम बिंदु 3500 से 5500 किलोमीटर के बीच माना जा सकता है। अमेरिका का अनुमान है कि इस मिसाइल की सहायता से प्रशांत महासागर में उसके क्षेत्र गुआम को निशाना बनाया जा सकता है।